RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनी दीपिका...

वर्ष : 26 | अंक : 02 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 23 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# नतमस्तक होकर किसानों को सम्मान देता है शासन : योगी

## सीएम ने किसान मित्र एआई ऐप का किया शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किया नमन





लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो वर्तमान की विकास दर को इससे तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में कहीं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## 2 .8 किलो गांजा समेत चार दबोचे

नोएडा (चेतना मंच)। पुलिस ने अलग-अलग स्थान से मादक पदार्थ बेचने के आरोप में चार लोगों को गांजा समेत गिरफ्तार किया है इनके पास से गांजा बरामद हुआ है।

थाना सेक्टर 63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-63 ए के पास से आयुफ उर्फ़ अप्पू पुत्र शाकिर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी मूल रूप से जनपद हरदोई का रहने वाला है और हाल में छिजारसी कॉलोनी में रह रहा है। पकड़े गए आरोपी पर पूर्व में चोरी सहित पांच मामले दर्ज हैं। वहीं थाना बिसरख पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर राहुल पुत्र सरदारी राकेश पुत्र वीरेंद्र रंजीत पुत्र भगवान दास को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह राह चलते लोगों को गांजे की बिक्री करते हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कल ग्रेनो आएंगे उपराष्ट्रपति व मुख्यमंत्री



ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार (कल) को ग्रेटर नोएडा आएंगे। इसके अलावा देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी आएंगे। इसके लिए पुलिस ने भी पूरी तैयारी कर ली। करीब 1500 पुलिस कर्मी दोनों दिग्गज नेताओं की सुरक्षा के लिए तैनात किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह आज शनिवार को तैयारियों का जायजा लेने जाएंगी।

कल 24 दिसंबर 2023 (रविवार) को ग्रेटर नोएडा में स्थित गौतमबुद्ध विश्व विद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ और जगदीप धनखड़ आ रहे हैं। दोनों दिग्गज करीब 7,000 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान करेंगे। इस दीक्षांत समिति के लिए प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## फंदे में लटके मिले युवक व युवती

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान पर एक युवती व युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के पास से ही कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिस वजह से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मूल रूप से बिहार निवासी नेहा पुत्री मुकेश अपनी बहन व जीजा के पास सलारपुर गांव में रह रही थी। नेहा एक निजी कंपनी में काम करती थी। गुरुवार शाम को वह ड्यूटी खत्म कर वापस घर लौटी। कुछ देर बाद जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो देखा कि वह फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतरा और अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवारजन भी आत्महत्या का कोई ठोस कारण नहीं बता पा रहे हैं।

वहीं थाना फेस 2 क्षेत्र के भंगेल गांव में किराए पर रहने वाले (35 वर्षीय) अजयपाल पुत्र करण सिंह ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोस में रहने वाला भतीजा जब अजय पाल के कमरे में पहुंचा तो वह उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। उसने पड़ोसियों की मदद से अजय पाल को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना फेस-2 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## कार सवार रईसजादों ने सेल्समैन को पीटा, मौके से तीन दबोचे

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। तुगलपुर में स्थित पेट्रोल पंप पर हुए मामूली विवाद के बाद दो कारों में सवार रईसजादो ने सेल्समैन के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मियों ने तीन युवको को मौके पर ही दबोच लिया जबकि अन्य फरार हो गए।

मूल रूप से ग्राम कसेरा थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ निवासी रोहित चौधरी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह तुगलपुर स्थित भारत पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। बीती रात्रि बिना नंबर के स्विफ्ट कार तथा एक मर्सिडीज़ कार पंप पर पहुंची। दोनों कारों में कई युवक सवार थे। इन युवकों ने कार में पेट्रोल डालने को कहा। स्विफ्ट कार के पीछे खड़ी मर्सिडीज़ के चालक को उन्होंने कार आगे बढ़ाने को कहा तो चालक व उसके साथी आग बबूला हो गए। सभी युवक्कर से नीचे उतर आए और गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान स्विफ्ट कार से भी कुछ युवक उतरे और उन्होंने हाथापाई शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो दोनों कर सवार युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

मौके पर मौजूद अन्य पंपकर्मियों ने तीन युवकों को दबोच लिया। जबकि अन्य फरार हो गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने उमेश भाटी सचिव पद पर धीरेंद्र भाटी ने मारी बाजी




**किसे कितने वोट मिले**

| अध्यक्ष | सचिव |
|---|---|
| कुल मत पड़े : 2030 | कुल मत पड़े : 2027 |
| उमेश भाटी को मिले : 715 | धीरेंद्र भाटी को मिले - 757 |
| प्रमेन्द्र भाटी को मिले : 569 | रजत शर्मा को मिले - 666 |
| मनोज भाटी को मिले : 454 | अजीत नागर को मिले - 334 |
| अलबेल भाटी को मिले : 288 | उधम सिंह को मिले - 260 |
| निरस्त मतः- 04 | निरस्त मत :- 10 |

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर (ग्रेटर नोएडा) जिला बार एसोसिएशन का प्रतिष्ठित चुनाव शुक्रवार की देर रात संपन्न हो गया। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर में अध्यक्ष पद के लिए वोटों की गिनती रात दो बजे तक जारी रही। मतगणना पूरी होने के बाद अध्यक्ष व सचिव पद के विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद पर एडवोकेट उमेश भाटी ने बाजी मारी है, उन्होंने 715 वोट प्राप्त करके अपने प्रतिद्वंद्वी प्रमेंद्र भाटी को हराया है। प्रमेंद्र भाटी को 569 वोट मिले हैं। इसके अलावा सचिव पद पर धीरेंद्र भाटी ने कब्जा जमाया है।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर में ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर जिला) बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर शुक्रवार को दिनभर उत्साह का माहौल रहा। चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार की शाम वोटों की गिनती का काम शुरू किया गया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में तीन किशोरियां लापता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान से तीन किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरियों के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। मूल रूप से जनपद संभल निवासी बृजेश (काल्पनिक नाम) हाल में अपने परिवार के साथ सूरजपुर की संतराम कॉलोनी में रह रहे हैं। उनकी (13 वर्षीय) बेटी बीते 19 घर से बाहर गई थी इसके बाद में वापस नहीं लौटी। बृजेश ने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने थाना सूरजपुर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा गांव में अपने परिवार के साथ रहने वाली (16 वर्षीय) किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इस संबंध में किशोरी के पिता ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उपकरण का मामला दर्ज कराया है।

इसी थाना क्षेत्र के कुलेसरा डूब क्षेत्र की श्री राम कॉलोनी में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) की 14 वर्ष से बेटी बीते 16 दिसंबर को घर से बिना बताए चली गई। इसके बाद किशोरी घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उनको पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और लापता किशोरियों की तलाश की जा रही है।

## लाखों की नकदी व जेवरात लेकर रफूचक्कर हुआ घरेलू नौकर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। घरेलू सहायक पर विश्वास करना एक परिवार को खासा महंगा पड़ा। पिछले 2 साल से काम कर रहा घरेलू सहायक घर से दो लाख रुपए तथा लाखों रुपए के जेवरात सामान को चोरी कर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित परिवार ने थाना बिसरख में आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एवेन्यू गौर सिटी-1 में रहने वाले शैलीन ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनके यहां पिछले 2 वर्षों से बिहार निवासी प्रभात कुमार घरेलू सहायिक के रूप में कार्यरत था। बीते 19 दिसंबर की शाम को वह अपने चाचा के घर जाने के लिए कह कर निकाला था। इसके बाद वह 20 दिसंबर को बिहार चला गया। उसके जाने के बाद उसकी माताजी ने जब अपना घर का लॉकर चेक किया तो उसमें से दो लाख रुपए, सोने हीरे का सेट, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## युवक का शव मिला इलाज के दौरान 1 की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के तुगलपुर में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं थाना दनकौर क्षेत्र के एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई।

थाना नॉलेज पार्क प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति ने सूचना दी की तुगलपुर गांव के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को अज्ञात शव मिलने की सूचना दे दी गई है।

वहीं मूल रूप से बिहार निवासी नरेंद्र पुत्र शिवमणि मंडी बिलासपुर में रह रहा था। परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मुठभेड़ में शातिर बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। हालांकि इस दौरान बदमाश का एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाश के पास से अवैध हथियार, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हुआ हवन



नोएडा (चेतना मंच)। किसानों के मसीहा तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आज प्रीत मंच नोएडा द्वारा सेक्टर-40 में हवन किया गया। हवन के उपरांत वर्तमान परिपेक्ष में भारत की सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर चौधरी चरण सिंह के विचारों व नीतियों का प्रभाव एवं योगदान विषय पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रीत मंच के पदाधिकारी (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ..ताकि ठंड में कोई सड़कों पर रात न काटे

## नोएडा प्राधिकरण ने बेसहारों को रैन बसेरा पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा चलाये



नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण ने रैन बसेरों तक बेसहारा लोगों को पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा की पहल की है। प्राधिकरण के दस वर्क सर्किल में एक-एक ई रिक्शा का संचालन किया गया है। इनका काम बेसहारा लोगों को नजदीक के रैन बसेरा तक लाना होगा। इन रिक्शा के पीछे बकायदा एक बैनर लगाया गया है। साथ ही माइक के जरिए अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जरुरत पड़ने पर सर्किल में ई-रिक्शा की संख्या को और बढ़ाया जाएगा। ताकि जितने भी लोग सड़क पर सो रहे है उनको नजदीक के रैन बसेरों तक पहुंचाया जा सके।

यहां छह वर्क सर्किल में एक-एक रैन बसेरा बनाए गए है। जिसमें महिला और पुरुषों के रुकने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इनके लिए यहां पीने के लिए पानी, शौचालय का निर्माण भी किया गया है। इसके अलावा इन रैन बसेरों के बाहर अलाव की व्यवस्था की गई है। ताकि लोगों को गर्माहट मिलती रहे।

इन रैन बसेरे में कुल 220 लोग रुक सकते है। सबसे बड़ा रैन बसेरा सेक्टर-21 नोएडा स्टेडियम के रामलीला मैदान में बनाया गया है। यहां कुल 65 व्यक्ति जिसमें 50 पुरुष और 15 महिलाएं ठहर सकते है। इसके अलावा सेक्टर-62, ग्राम मामूरा बारात घर, सोरखाा जाहिदाबाद बारात घर, शहदरा पंचायत घर, सेक्टर-135 सामुदायिक केंद्र और ग्राम कोंडली बरात घर में रैन बसेरा बनाया गया है। ई-रिक्शा से बेसहारों को रैन बसेरा तक पहुंचाने में आसानी हो रही है।


ISHWAR PHYSIO CARE
At Home Physiotherapy for an Active Life
Physical Therapy for :
▸ Back & Neck Pain
▸ Arthritis
▸ Post Stroke
▸ Sports Injury
▸ Fracture Rehabilitation
▸ Joint Pain
▸ Pain Management Through Electro Therapy
Home Visit Only
Dr. Ankur Sharma (PT)
Up state medical council Registered (Lucknow)
+919990144473

# गठबंधन 'इंडिया' की बैठक

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की चौथी बैठक के बाद कहा जा सकता है कि वह कुछ सक्रिय हुआ है, कुछ फैसले लिए गए हैं, चुनाव जीतने की ललक जगी है और पहली बार प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर मल्लिकार्जुन खडग़े का नाम उभरा है। हालांकि गठबंधन का साझा न्यूनतम कार्यक्रम, सचिवालय, प्रतीक चिह्न आदि अभी विचाराधीन हैं, लेकिन संयोजक या प्रधानमंत्री चेहरे का प्रस्ताव बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने रखा, जिसे आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत 12 दलों के नेताओं ने अनुमोदित किया। ममता-केजरीवाल ने यह निर्णय कांग्रेस को बताए बिना ही लिया था। उनकी रणनीति थी कि यदि देश के सामने प्रथम दलित प्रधानमंत्री और एक बेदाग छवि वाले, अनुभवी नेता को पेश किया जाए, तो गठबंधन के पक्ष में जनमत तैयार करने में सुविधा होगी, लेकिन सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने मीडिया के सामने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री चेहरे पर कोई चर्चा ही नहीं हुई। ऐसे विरोधाभास 'इंडिया' की एकजुटता पर सवाल करते हैं। बहरहाल कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े ने प्रधानमंत्री चेहरे के मुद्दे को अस्वीकार करते हुए कहा कि सबसे पहले हमें चुनाव जीत कर बहुमत हासिल करना है। यदि सांसदों का ही बहुमत नहीं होगा, तो प्रधानमंत्री कैसे बनेगा? खडग़े ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री चुनावी जीत के बाद तय कर लिया जाएगा। पहले हम सभी का मिलकर चुनाव लडऩा और जीतना जरूरी है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे ने 'संयोजक' का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कमोबेश नेतृत्व करने वाला चेहरा तो होना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि जो संयोजक हो, उसे ही बाद में प्रधानमंत्री बनाया जाए।लेकिन खडग़े ने यह मुद्दा हाशिए पर सरका दिया। दरअसल विपक्ष के सामूहिक गठबंधन का बीड़ा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उठाया था। उन्होंने ही विपक्ष के प्रमुख नेताओं से संपर्क और संवाद किए थे, लेकिन चार बैठकों के बाद भी उनकी भूमिका गठबंधन के एक घटक की है, लिहाजा वह और राजद अध्यक्ष लालू यादव नाराज बताए जा रहे हैं। वे प्रेस ब्रीफिंग से पहले ही पटना लौट गए। इस तरह 'इंडिया' के संयोजक और सारथी की भूमिकाएं अब भी अनसुलझी हैं। अलबत्ता विपक्ष ने साझा सक्रियता के मद्देनजर कुछ फैसले जरूर लिए हैं। हालांकि 28 दलों के गठबंधन में कुछ नेता आरोपिया भाषा बोल रहे थे कि कांग्रेस ने राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए कमोबेश एक साल का समय बर्बाद कर दिया। हम अब भाजपा से काफी पीछे हैं। आम चुनाव में तीन माह ही शेष हैं और अभी सीटों का बंटवारा ही नहीं हुआ है। इस बैठक में ममता बनर्जी के एक प्रस्ताव के संदर्भ में सीटों के बंटवारे की डेडलाइन 31 दिसंबर तय की गई है। खडग़े इसे 'अग्निपरीक्षा' मान रहे हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, उप्र और महाराष्ट्र आदि राज्यों में सीटों का बंटवारा पहली प्राथमिकता है, यह खडग़े ने स्पष्ट कर दिया है। इन राज्यों में कांग्रेस तीसरे या चौथे नंबर की पार्टी रह गई है। उसके लिए सीटें छोडऩा वाकई पेंचदार स्थिति है। दिल्ली और पंजाब में केजरीवाल के साथ खडग़े बात कर समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। बहरहाल 'इंडिया' की गाड़ी चल निकली है, बेशक गति अभी 'अढाई कोस' की है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि भक्ति स्वतंत्र है और सब सुखों की खान है, परंतु सत्संग ( संतों के संग ) के बिना प्राणी इसे नहीं पा सकते और पुण्य समूह के बिना संत नहीं मिलते। सत्संगति ही संसृति ( जन्म-मरण के चक्र ) का अंत करती है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**पुन्य एक जग महुँ नहिं दूजा। मन क्रम बचन बिप्र पद पूजा॥**
**सानुकूल तेहि पर मुनि देवा। जो तजि कपटु करइ द्विज सेवा॥**

जगत में पुण्य एक ही है, (उसके समान) दूसरा नहीं। वह है- मन, कर्म और वचन से ब्राह्मणों के चरणों की पूजा करना। जो कपट का त्याग करके ब्राह्मणों की सेवा करता है, उस पर मुनि और देवता प्रसन्न रहते हैं॥

**दो0-औरउ एक गुपुत मत सबहि कहउँ कर जोरि।**
**संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि॥**

और भी एक गुप्त मत है, मैं उसे सबसे हाथ जोड़कर कहता हूँ कि शंकरजी के भजन बिना मनुष्य मेरी भक्ति नहीं पाता॥

कहहु भगति पथ कवन प्रयासा। जोग न मख जप तप उपवासा।
**सरल सुभाव न मन कुटिलाई। जथा लाभ संतोष सदाई॥**

कहो तो, भक्ति मार्ग में कौन-सा परिश्रम है? इसमें न योग की आवश्यकता है, न यज्ञ, जप, तप और उपवास की! (यहाँ इतना ही आवश्यक है कि) सरल स्वभाव हो, मन में कुटिलता न हो और जो कुछ मिले उसी में सदा संतोष रखे॥

**मोर दास कहाइ नर आसा। करइ तौ कहहु कहा बिस्वासा॥**
**बहुत कहउँ का कथा बढ़ाई। एहि आचरन बस्य मैं भाई॥**

मेरा दास कहलाकर यदि कोई मनुष्यों की आशा करता है, तो तुम्हीं कहो, उसका क्या विश्वास है? (अर्थात उसकी मुझ पर आस्था बहुत ही निर्बल है।) बहुत बात बढ़ाकर क्या हूँ? हे भाइयों! मैं तो इसी आचरण के वश में हूँ॥

**बैर न बिग्रह आस न त्रासा। सुखमय ताहि सदा सब आसा॥**
**अनारंभ अनिकेत अमानी। अनघ अरोष दच्छ बिग्यानी॥**

न किसी से वैर करे, न लड़ाई-झगड़ा करे, न आशा रखे, न भय ही करे। उसके लिए सभी दिशाएँ सदा सुखमयी हैं। जो कोई भी आरंभ (फल की इच्छा से कर्म) नहीं करता, जिसका कोई अपना घर नहीं है (जिसकी घर में ममता नहीं है), जो मानहीन, पापहीन और क्रोधहीन है, जो (भक्ति करने में) निपुण और विज्ञानवान है॥

क्रमशः

# वैश्विक लोकप्रियता के साथ ही विश्वसनीयता में भी सबसे आगे हैं पीएम नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि आज की तारीख में लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रुस के पुतिन हो या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते है। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरुआत में करवाये गए सर्वे में यह साफ हो गया है कि सर्वे में हिस्सा ले रहे दुनिया के देशों के लोगों में 76 फीसदी लोगों की पंहली पसंद नरेन्द्र मोदी रहे हैं।



देखा जाये तो नरेन्द्र मोदी का एग्रेसिव रवैया ही उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। कठोर से कठोर और कड़े से कड़े निर्णय भी एक झटके में लेने की क्षमता और मोव को अपने पक्ष में करने क्षमता ही नरेन्द्र मोदी का लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है।

लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही है जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की है। इससे पहले अमेरिकी थिंक टेंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी कि देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पंसद नरेन्द्र मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में मजे की बात यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस लोकप्रियता की श्रेणी में 8 वें पायदान पर हैं।

दरअसल विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना कोई सामान्य बात नहीं होती है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। मजे की बरत यह है कि लोकप्रियता के साथ ही विश्वसनीयता में भी सबसे आगे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात हो जाती है कि 76 फीसदी को मतलब साफ है कि यह लोकप्रियता का कोई मामूली आंकड़ा नहीं है अपितु लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिकों के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी कि नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छटे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी रही है। मेलोनी जिसको लेकर पिछले दिनों सोशियल मीडिया पर एक से एक मीम्स चलाये जा रहे थे उनके और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है।

देखा जाये तो नरेन्द्र मोदी का एग्रेसिव रवैया ही उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। कठोर से कठोर और कड़े से कड़े निर्णय भी एक झटके में लेने की क्षमता और मोव को अपने पक्ष में करने क्षमता ही नरेन्द्र मोदी का लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हो। बॉडी लैंग्वेज ही ऐसी कि लगता यही है कि जैसे आज की तारीख में विश्व के नेताओं के कोई लीडर दिखाई देते है तो वह नरेन्द्र मोदी ही लगते हैं। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहे या कुछ भी मनोभाव रखे पर अभी तो जो कुछ दिख रहा है वह साफ है और नरेन्द्र मोदी की सर्वमान्य नेता के रुप में भी प्रतिस्थापित करता है। अब मोदी विरोधी इसका कारण मोदी की एग्रेसिव मार्केटिंग, मीडिया मैनेजमेंट, तथ्यों के साथ तोड़ मरोड़ या कुछ भी कहे पर अंततोगत्वा जो दिख रहा है या जो सर्वे रिपोर्टस में आ रहा है या जैसा देशवासी अनुभव कर रहे हैं उसे सिरे से नकारा नहीं जा सकता। अब इस यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने का निर्णय और दुनिया के देशों द्वारा उफ् भी नहीं करना अगले की कूटनीतिक क्षमता को सिद्ध करता है।

पाकिस्तान और चीन को अलग थलग करना हो या फिर रुस यूक्रेन युद्ध या इजरायल हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देषों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रुस दोनों को ही साधे रहना अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रुप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाए रखना बड़ी बात है। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है।

दरअसल आज के दौर में वैश्विक नेता के लिए बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। और इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# संसद की सुरक्षा में सेंध और विपक्ष



पिछले दिनों सुरक्षा को भेदकर दो युवक संसद के अंदर पहुंच गए और वहां नारे लगाने लगे और किसी कैन से पीला धुआं भी छोडऩे लगे। वे अध्यक्ष के आसन की ओर बढ़ रहे थे कि दो सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। जिस समय वे संसद में नारे लगा रहे थे उसी समय उनके दो साथी संसद के बाहर नारे लगा रहे थे और धुआं भी फैला रहे थे। एक तीसरा शख्स इस सारे घटनाक्रम की वीडियो बना रहा था। अलबत्ता संसद के अंदर और संसद के बाहर हल्ला कर रहे इन चारों लोगों के टैलीफोन भी वीडियो बना रहे इस पांचवें शख्स ने ही संभाल रखे थे। वीडियो बना कर और उसे सोशल मीडिया पर डालकर पांचवां शख्स गायब हो गया और उसने ये सभी टैलीफोन जला दिए। इस कड़ी से जुड़े हुए सभी व्यक्ति देश के अलग-अलग प्रांतों के रहने वाले थे। कर्नाटक, हरियाणा, बंगाल और उत्तर प्रदेश। कहा जा रहा है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से ही एक-दूसरे से परिचित थे। वैसे वे देश में जहां भी कोई आंदोलन होता था, चाहे आंदोलन का मकसद कुछ भी हो, ये वहां भी शामिल होते थे। एक प्रकार से ये चिर आंदोलनजीवी थे। लेकिन यह सचमुच सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर मामला था। इसकी जांच जरूरी थी ताकि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे के सूत्रधारों तक पहुंचा जा सके। यह किसी पार्टी या व्यक्ति का मसला नहीं था, बल्कि देश की सुरक्षा का प्रश्न है। लगता था देश की सुरक्षा के इस मसले पर पक्ष-विपक्ष एक स्वर से बोलेंगे, लेकिन आश्चर्य कि एक-दो दिन बाद ही सुरक्षा के इस मसले पर भी राजनीति होने लगी। शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राऊत ने कहा कि दो-चार लडक़े महंगाई और बेरोजगारी के बारे में नारे लगाते हुए संसद के अंदर चले गए।


देश के युवाओं की दिशा बदल रही है, वे निराश हैं। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। सरकार किस तरह जिम्मेदार है, इसका खुलासा भी उन्होंने किया कि जिस समय लडक़े निराश होकर संसद के अंदर घुस रहे थे उस समय सरकार सभी राज्यों में शपथ ग्रहण समारोह में व्यस्त थी। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ है और यह कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। संजय राऊत की चिंता जायज है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं हो सकता। लेकिन उन्होंने इस पूरी घटना की व्याख्या बहुत ही चालाकी से, सुरक्षा से हटा कर महंगाई और बेरोजगारी से जोडक़र कर दी। उनके अनुसार महंगाई और बेरोजगारी से निराश होकर अब देश का युवा आंदोलन का यह रास्ता अपना रहा है। यानी संसद के अंदर घुस कर नारे लगाना, धुआं फैलाना व पटाखे चलाना भी महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन का हिस्सा ही है। संजय राऊत को सुन कर यह लगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मसले का कोई इतना सरलीकरण कैसे कर सकता है। यकीनन यह संजय राऊत का अपना व्यक्तिगत मत हो सकता है, पूरे विपक्ष का नहीं, चाहे उद्धव गुट की शिव सेना भी इंडी गठबंधन के भीतर ही है। लेकिन जल्दी ही संकेत मिलने शुरू हुए, संजय राऊत राष्ट्रीय सुरक्षा के इस गंभीर मसले पर इंडी गठबंधन का मत ही व्यक्त कर रहे थे। संजय राऊत के इस बयान के बाद राहुल गांधी प्रकट हुए। उन्होंने संजय राऊत की व्याख्या को आगे बढ़ाया। उन्होंने लगभग सभी आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि यह मसला देश में बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी से जुड़ा हुआ है। इसीलिए इस प्रकार के कांड हो रहे हैं। राहुल गांधी का अभिप्राय साफ था कि देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है, इसलिए युवा संसद के अंदर घुस आए हैं ताकि सरकार का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी की ओर आकर्षित किया जा सके। राहुल गांधी की व्याख्या इसलिए चिंताजनक है क्योंकि इस कांड की जांच अभी प्रारम्भिक दौर में है। लेकिन जांच शुरू होने से पहले ही कांग्रेस देश के लोगों को समझा रही है कि मामले को तूल दिया जा रहा है। इस मामले की जड़ तो महंगाई और बेरोजगारी में है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी से न लड कर, युवा पीढ़ी को पकड़ रही है। निराश युवा संसद के अंदर नहीं घुसेगा तो और क्या करेगा? कांग्रेस की यह सोच चिंताजनक ही नहीं, देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। वैसे कांग्रेस के इतिहास में 'निराशा में इस प्रकार के कांड' उसकी परम्परा रही है। 1978 में जब इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया गया था तो उसके दो 'युवा' कार्यकर्ताओं ने इंडियन एयरलाइंस के लखनऊ से दिल्ली जाने वाले जहाज को हाईजैक कर लिया था। उनकी मांग थी कि इंदिरा गांधी को रिहा किया जाए और उन पर से सभी मुकद्दमे हटा लिए जाएं। राहुल गांधी के बयान से तो लगता है कि उस वक्त युवा इसलिए निराश हो गए थे कि इंदिरा गांधी को गिरफ्तार क्यों किया गया है और अब युवा इसलिए निराश हैं कि सरकार महंगाई और बेरोजगारी को समाप्त क्यों नहीं कर पा रही है।

अपना रोष प्रकट करने के लिए उस वक्त युवाओं ने जहाज हाईजैक करने का रास्ता चुना था और अब युवा संसद के अंदर आकर धुआं फैला रहे हैं।

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

## राशिफल


मार्गशीर्ष शुक्ल-द्वादशी | ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। तरक्की के योग बन रहे हैं।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी। संतान को लेकर मन परेशान रहेगा।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
खास रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। विशेष उत्तरादायित्व के लिए यात्रा की संभावना।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
अच्छा दिन नहीं है, सोच समझकर काम करें। मित्र और मित्रता की परीक्षा में सफल होंगे।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
नए लोगों से भेंट होंगी, जो लाभदायक होगी। संतान की प्रगति से सुख और प्रसन्नता।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
वाणी में मधुरता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। माता का सहयोग मिलेगा।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। किसी नई संपत्ति में निवेश करेंगे।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। लंबी यात्रा के योग बन रहे हैं।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ सपा ने दिया धरना



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा और राज्यसभा में 143 विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में कल समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर धरना दिया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि विपक्षी सांसदों का निलंबन भारतीय लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र की सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए लोकतंत्र की हत्या कर रही है। मोदी सरकार महत्वपूर्ण बिलों को मनमानी ढंग से लोकसभा और राज्यसभा में बिना बहस कराये पारित कराना चाहती है। सरकार की मंशा संसद को विपक्ष मुक्त कराने की है, जिससे वह मनमानी कर सके। उन्होंने कहा कि गत दिनों संसद की सुरक्षा में हुई सेंध पर चर्चा कराने के बजाय भाजपा सांसदों को निलंबित करा जनता का ध्यान भटका रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि केन्द्र सरकार विपक्ष के इंडिया गठबंधन से डरी हुई है जिससे घबराकर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सदन में उपस्थित न होकर सदन की गरिमा का अपमान कर रहे है। धरना में मुख्य रुप से लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, प्रदेश सचिव फकीर चन्द नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, प्रदेश सचिव गजराज नागर, कृशान्त भाटी, जिला महासचिव सुधीर तोमर, डॉ महेंद्र नागर, उपदेश नागर, अकबर खान, अतुल शर्मा एडवोकेट, रामशरण नागर एडवोकेट, रोहित मत्ते गुर्जर, मोहित नागर, अनिल प्रजापति, अक्षय भाटी, अमित रौनी, मेंहदी हसन, अवनीश भाटी, विकास भनौता, दीपक शर्मा,सं जीव नागर, बबलू सैन, हुकम सिंह भारती, रविंद्र यादव, विकास जतन, दीपक नागर, हैप्पी पंडित, राहुल आर्यन, जुगती सिंह, जितेंद्र अग्रवाल, यशपाल भाटी, अनीस अहमद, वीरू नागर, विनोद लोहिया, सुनील बदौली, सीपी सोलंकी, विनीत यादव, पवन जोगी, विक्रम टाइगर, ललित कुमार, महेश सिंह, गौरव भाटी, सुमित पंडित, विनीत यादव एडवोकेट, लोकेश भाटी, राकेश गौतम, मोहित यादव, प्रशांत भाटी, योगेश गौतम, सतेंद्र नागर, गजेंद्र यादव, हरवीर प्रधान, प्रतीक भाटी, सतीश भाटी, गजब भाटी, जाकिर जेडी, राहुल चौधरी, विशेष भाटी, नफीस खान, युनस मेहंदी, पंकज यादव, प्रमोद भाटी, शीलू यादव, राहुल नागर, जयकरण भाटी आदि मौजूद रहे।

# गरीबों को कराया भोजन



**नोएडा (चेतना मंच)।** दीदी की रसोई ट्रस्ट ने मजदूर बस्ती शिव नगरी सेक्टर-17 नोएडा पर जरूरतमंद लोगों के लिए भंडारे का वितरण किया। भंडारे में सैकड़ो जरूरतमंद लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है।

# गिरधरपुर पहुंची भारत संकल्प यात्रा



**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा के ज़िला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कल गांव गिरधरपुर विशोनली गांव में पहुंची बिश्नोई गांव में ब्लॉक प्रमुख ओमपाल नागर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल इन्द्र नागर कर्मवीर आर्य पवन नागर राकेश शर्मा अंजना त्यागी ग्राम प्रधान मनोज अजय प्रधान नोडल अधिकारी डॉक्टर अजितेश सिंह नोडल अधिकारी शिवानी तोमर नवीन चौधरी विजेंद्र भाटी बीडीसी अनुज रोजा गांव बिश्नोई में पांच आयुष्मान कार्ड बाटे गए।

चार उज्जवला गैस कनेक्शन बिश्नोई गांव में ही चार गर्भवती बहनों के गोद भराई हुई पशुपालन विभाग से विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत पशुओं को निशुल्क रोग बचाव एवं कर्मी नक्षत्र 28 पशुओं को वितरित किया गया एवं पशुधन बीमा हेतु साथ पशुपालकों को रजिस्ट्रेशन किया गया पीएम किसान सम्मान 75 समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था पेंशन योजना 31 निराश्रित महिला पेंशन 41 दिव्यांग पेंशन 18 अन्नप्राशन 4 कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया और सैकड़ों लोगों ने विकसित भारत बनाने की शपथ ली ।

# लोकतंत्र की हत्या कर रही है भाजपा : शर्मा



**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजापा सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या करते हुए राज्यसभा व लोकसभा के 143 सांसदों का निलंबन महज इस वजह से कर दिया कि संसद में हुए हमले के संबंध में विपक्षी सांसद लोकसभा व राज्यसभा में गृहमंत्री का वक्तव्य चाहते थे तथा केंद्रीय सरकार उक्त संसद पर हुए हमले पर कोई भी वक्तव्य संसद में देने से बच रही है तथा अपनी नैतिक जिम्मेदारी से भाग रही है।

इसी वजह से तानाशाही रवैया अपनाते हुए 143 सांसदों को सांसद से निलंबन कर दिया गया। इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय सूरजपुर पर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी इसकी निंदा करती है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा जिला प्रवक्ता जितेंद्र चौधरी जिला अध्यक्ष ओबीसी धर्मेंद्र भाटी जिला उपाध्यक्ष राम भरोसे शर्मा रिजवान चौधरी पीसीसी सदस्य जिला उपाध्यक्ष हरिंदर शर्मा संजय भूमिहार जितेंद्र चौधरी जितेंद्र शर्मा आकाश पंडित राजकुमार शर्मा बॉबी प्रधान विक्की गौतम आरपी सिंह वीर सिंह शाहिद खान कैलाश बंसल राधा रानी अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेनो ने बाटें स्वेटर व बैग



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा रामकौर बालिका हाई स्कूल दुजाना में बच्चों को स्वेटर व स्कूल बैग भेंट किये गये।

क्लब के अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि स्कूल के मैनेजर हितेंद्र नागर ने क्लब से स्कूल में पढ रहे 150 बच्चों को ठंड से बचने के लिये स्वेटर व किताब कॉपी रखने के लिये बैग देने का अनुरोध किया। जिसे क्लब ने स्वीकार कर सभी बच्चों को स्वेटर व बैग भेंट किये।

इस अवसर पर क्लब रो0 सौरभ बंसल, रो0 संजय गर्ग, रो0 राहुल शर्मा व रंजीत सिंह मौजूद रहे तथा स्कूल समिति से चौ0 देशराम, जयपाल सिंह, महीपाल प्रधान, ईलीचंद व प्रिन्सिपल आशा नागर मौजूद रही।

# आईआईए की कार्यकारणी समिति की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चैप्टर कार्यालय में दिसंबर माह की कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत हुई, जिसमे औद्योगिक क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं एवम चैप्टर कार्य कुशलता पर सभी ने विचार मंथन किया द्व

औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट बदलने का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है इसमें गति लाने के लिए जी एम, विद्युत विभाग यूपीएसआईडीए, श्री सलिल यादव जी को साइटों पर क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट्स के काम की यथार्थ स्थिति से अवगत कराया जाय।

डीएससी रोड से साइट बी एवम सी के प्रवेश निकास द्वारों का सौंदर्यी करण करने हेतु, ईस्ट इंडिया आदि सहमत हैं । साइट बी के दोनो हिस्सों को जोड़ने के लिए ग्रेप के प्रतिबंधों के कारण अभी काम शुरू जी नही हुआ है द्व



हवेलियां नाले पर पुल के लिए सर्वेक्षण हो गया है।

दादरी सूरजपुर कुलेसरा सड़क को दुर्दशा एवम मरमत के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों से बात की जाएगी , यह मुद्दा उद्योग बंधु की कार्यसूची में लगातार उठाया गया है लेकिन

शारदा विश्वविद्यालय में 20 ता को हुए समीनार के सफल अयोजन के लिए सभी ने श्री रहमान जी एवम श्री राकेश बंसल जी के प्रयासों का करतल ध्वनि से आभार जताया द्व श्री विपिन माहना जी के आगामी वर्ष के प्रथम सप्ताह में सभी आई आई ए सदस्यों संग नववर्ष पर चैप्टर कार्यालय प्रांगण में एक स्वागत सहभोज आयोजित करने का सुझाव दिया जिसका सभी ने अनुमोदन किया। इसी सिलसिले में 'सीईसी महागोष्ठी' आयोजित करने का सुझाव भी श्री सरबजीत सिंह जी की और से रखा गया, जिसके लिए अर्थ व्यवस्था 'दीपोत्सव' की तरह ही की जाएगी।

गोष्ठी में चैप्टर चेयरमैन राकेश बंसल, राष्टीय सचिव विशारद गौतम, सचिव सरबजीत सिंह, कोषाध्यक्ष विपिन माहना, चेयरमैन न्यू टेक्नोलॉजी जेड रहमान, उपाध्यक्ष मनोज सिराधना, जेएस राणा, अजय राणा, जगदीश सिंह,मनोज ग्रोवर, अंकुर बास ने प्रतिभाग किया।

# जगंलपुर में हुई भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक



**भदोही (चेतना मंच)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम डीघ ब्लॉक के ग्राम सभा जंगलपुर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित की गई।

जिला प्रशासन की तरफ से खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार, डीघ ब्लॉक के त्री सदस्यी सदस्य मनोज मिश्रा क्षेत्र पंचायत सदस्य, नागेन्द्र शुक्ल जिला संयोजक भाजपा, निलम गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, आनन्द कुमार शुक्ल जिला सह संयोजक विधि विभाग भाजपा, रमेश सिंह, अवधेश तिवारी के साथ कृषि विभाग,स्वास्थ्य विभाग,जल,बिजली, पंचायत विभाग, आगनवाडी, आशावर्कर के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

निविदा सूचना संख्याः वि0/ग0 श0 य0/प्रयागराज/ई टेंडर सूचना/2023/28
दिनांकः 20.12.2023 **ई-निविदा सूचना (गति शक्ति यूनिट)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर / गति शक्ति यूनिट / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक-16.01.2024 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :-

**निविदा संख्याः** GSU-EL-WC-35-2023 | **काम की लागत (रु. में):** ₹ 3656729.45

**कार्य का नामः** टूंडला, गोविंदपुरी, अनवरगंज, मिर्ज़ापुर और विंध्याचल स्टेशनों पर 100 केएलडी एसटीपी की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और संबंधित कार्यों के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य।

**बिड सिक्योरिटी (रु. में):** ₹ 73100.00 | **कार्य समाप्त करने की समयावधिः** 06 माह

**निविदा खुलने की तिथिः** 16.01.2024, समय - 15:00 बजे। **नोटः- (1)** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2080/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

L. No.: EL/GSU/AGC/T-02/EIG/KBP/SSP Date: 20.12.2023

**सार्वजनिक सूचना**

उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के अंतर्गत उल्लिखित खंड टूंडला – आगरा फोर्ट के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइन परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं व अन्य को सूचना दी जाती है कि नवनिर्मित कुबेरपुर/एस.एस.पी को निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद, 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, ए.सी. पर ऊर्जित किया जाएगा। और उसी तिथि से, नवनिर्मित कुबेरपुर/एस.एस.पी को हर समय चार्ज माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उसके पास नहीं आएगा या बिना उचित प्राधिकार के काम नहीं करेगा।

| खंड | किमी से | किमी तक | ऊर्जित करने की तिथी |
|---|---|---|---|
| उत्तर मध्य रेलवे में आगरा मंडल के टुंडला– आगरा फोर्ट खंड पर कुबेरपुर स्टेशन/यार्ड के पास न्यू कुबेरपुर/एस.एस.पी. को 25000 वोल्ट ए.सी. 50 हर्ट्ज पर ऊर्जित करना। | 1259/22A (ch:- 609.50) | 1259/24 (ch:- 641.00) | 29.12.2023 |

**2083/23 (D)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**पत्रांक** -182-मेड/कानपुर/2023/अल्ट्रासाउंड **दिनांक**- 18.12.2023

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति**

**उपमंडली चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर में बहिस्रोतों द्वारा अल्ट्रासाउंड जाँच सेवायें प्रदान करने हेतु विज्ञापन**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर अल्ट्रासाउंड जाँच से सम्बन्धित योग्य रेडियो लोजिस्ट एव डायग्नोस्टिक सेन्टर से जो इस कार्य से सम्बन्धित अपना डायग्नोस्टिक सेन्टर चला रहें है ऐसे इच्छुक योग्य रेडियोलोजिसट् एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर संचालको से इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के पन्द्रह दिन के अन्दर C.G.H.S. (N.A.B.L., नॉन N.A.B.L.) वर्ष NCR 2014 UPDATED on 6th May 2021 कानपुर की दरों पर ओफर आमंत्रित किये जाते है। **संक्षिप्त तकनीकी अहर्तायें एवं नियम से सम्बन्धित जानकारी आवेदन फॉर्म में उपलब्ध है।**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उ.म.रे. कानपुर

2069/23 (ADM)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

निविदा सूचना संख्याः वि0/ग0श0य0/प्रयागराज/ई टेंडर सूचना/2023/25 दिनांकः 15.12.2023

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट/ उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक **10.01.2024** समय **15:00** बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

निविदा संख्याः GSU-EL-WC-33-2023 | काम की लागत (रु.में): 8255845.31

**कार्य का नामः** "प्रयागराज मंडल में इटावा, शिकोहाबाद और फिरोजाबाद में मौजूदा गुड्स शेड के उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य।"

बिड सिक्योरिटी (रु.में): 165100.00 | कार्य समाप्त करने की समयावधि: 09 माह

निविदा खुलने की तिथि: **10.01.2024**, समय: **15:00** बजे। नोटः– 1. उपरोक्त ई–टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00** बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2049/23(P)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे कानपुर-208001 के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं साथ ही नीचे दर्शायी गयी तिथि एवं समय तक, बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते हैं। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा।

**क्रम सं0:** 1 | **निविदा संख्याः** CNB2023202408 | **अनुमानित लागतः** रु. 209.36 करोड़

**कार्य का विवरणः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में इटावा रेलवे स्टेशन के पास इटावा बाईपास के निर्माण के तहत मुख्य लाइन ट्रैक पर आरओआर, एक्सप्रेसवे पर आरएफओ, पाइल/ओपन फाउंडेशन पर बड़े/छोटे पुलों सहित वायाडक्ट का निर्माण, आरडीएसओ अनुमोदित फर्मों से स्टील गर्डर्स का निर्माण, आपूर्ति और लॉन्चिंग, फॉर्मेशन कार्य, पी.वे कार्य, भवन निर्माण कार्य और अन्य संबंध कार्य।

**धरोहर धन राशिः** रु. 1.0 करोड़ | **निविदा फार्म का मूल्यः** निल

**खुलने की तिथिः** 08.02.2024 15:00 बजे | **कार्य समापन अवधिः** 18 माह

**क्रम सं0:** 2 | **निविदा संख्याः** CNB2023202409 | **अनुमानित लागतः** रु. 6.92 करोड़

**कार्य का विवरणः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के टूंडला-गाज़ियाबाद सेक्शन पर उप मुख्य अभियंता/निर्माण/कानपुर के अंतर्गत किमी 1418/6-8 (आमका-ग्रेटर नोएडा रोड) पर एलसी नंबर 148-सी/3-ई के स्थान पर 1x36 मीटर के कंपोजिट गर्डर के 2 लेन आरओबी का निर्माण।

**धरोहर धन राशिः** रु. 4,96,000/- | **निविदा फार्म का मूल्यः** निल

**खुलने की तिथिः** 12.01.2024 15:00 बजे | **कार्य समापन अवधिः** 12 माह

**नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) **https://ireps.gov.in** वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक **15:00 बजे** तक उपलब्ध रहेगा। **2.** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act- 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **5.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन नं. से सम्पर्क किया जा सकता है। **6.** कार्य की यू0डब्लू0आई0डी0 -**06.02.30.12.1.035** है। **2082/23(K)**

@northcentralrailway | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 01/2023-24** **दिनांकः 18.01.2024**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक वि0.लो0. शेड झाँसी** द्वारा निम्नलिखित मद के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सं. | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 54235334B | टॉगल स्विच 15 एम्पियर 250 बोल्ट फॉर जेडएलसी एज पर डीआरजी नं0 CLW/AC/1109.100C फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव WAG-5, WAG-7 & WAP-4. | 250 नग | 18.01.2024 |

**नोटः** उपरोक्त ई-प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **2074/23(K)**

@northcentralrailway | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**निविदा सूचना सं- 11220232024** **दिनांकः 16.12.2023**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य/प्रयागराज निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.:1** | **निविदा सं0:**11220232024-296 | **अनुमानित लागतः** ₹1,78,05,160.65

**कार्य का नामः** सूबेदारगंज रेलगांव कॉलोनी में टाइप -IV और V क्वार्टरों में क्षतिग्रस्त लकड़ी के दरवाजे और खिड़कियों को बदलना।

**क्र.सं.:2** | **निविदा सं0:**11220232024-297 | **अनुमानित लागतः** ₹4,57,72,466.79

**कार्य का नामः** लोको कॉलोनी, प्रयागराज में 06 यूनिट टाइप-V डुप्लेक्स क्वार्टर का निर्माण ।

**क्र.सं.:3** | **निविदा सं0:**11220232024-298 | **अनुमानित लागतः** ₹52,25,860.33

**कार्य का नामः** डीएसए ग्राउंड, प्रयागराज के चारों ओर 2.00 मीटर चौड़े रबरयुक्त जॉगिंग ट्रैक और पाथवे का प्रावधान।

**क्र.सं.:4** | **निविदा सं0:**11220232024-299 | **अनुमानित लागतः** ₹92,52,169.76

**कार्य का नामः** प्रयागराज में कोरल क्लब में स्विमिंग पूल, बाहरी क्षेत्र के नवीनीकरण और स्कूल को तोड़ने का प्रस्ताव ।

**अमानत राशि (₹ मे):क्र.स.:**1-₹ 2,39,000.00, **क्र.स.:**2- ₹3,78,900.00, **क्र.स.:**3- ₹1,04,500.00, **क्र.स.:**4- ₹1,85,000.00. **निविदा बंद होने की तिथिः** 12.01.2024 को 15.00 बजे, **कार्य समापन की अवधिः क्र.स.:**1.08 माह, **क्र.स.:**2.10 माह, **क्र.स.:**3 और 4.06 माह, **कार्य की प्रकृतिः क्र.स.:**1 और 4-कोई भी सिविल इंजीनियरिंग का कार्य।, **क्र.स.:** 2-भवन कार्य, **क्र.स.:** 3-खेल मैदानों का निर्माण। **नोटः-1.** पूर्ण वितरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2079/23(DG)**

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

# मुठभेड़ में 1 आतंकी ढेर, 3 फरार

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई है। 22 और 23 दिसंबर की रात को चार आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। अलर्ट सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देख फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया है। जबकि तीन वापस भाग गए। तीनों आतंकी एक शव को घसीटकर ले गए। आतंकवादियों को एक शव को आईबी के पार घसीटते हुए देखा गया है।

आपको बता दें कि पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस सेक्टर में फैले घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं को आतंकी अपना ठिकाना बना रहे हैं। भारत ने 2020 में चीन के साथ बिगड़े हालातों के बीच राष्ट्रीय राइफल्स की यूनिटों को पुंछ सेक्टर से हटाकर लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया था।

सूत्रों ने कहा कि पुंछ और राजोरी क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश रची गई है, ताकि भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टर से सैनिकों को हटाने और इस क्षेत्र में बलों को फिर से तैनात करने के लिए दबाव बनाया जा सके। पिछले वर्षों में जब से सेना लद्दाख ऑपरेशन के लिए रवाना हुई है। इस बीच पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के खिलाफ हमले करने के लिए पाकिस्तान से अपने आतंकवादियों को राजोरी-पुंछ क्षेत्र में भेजना शुरू कर दिया, ताकि भारत को क्षेत्र में अपने सैनिकों को फिर



से तैनात करने के लिए मजबूर किया जा सके।

जम्मू संभाग के जिला पुंछ और राजोरी में शुक्रवार को सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान चल रहा है। पुंछ के बफलियाज में घटना स्थल पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पहुंच गई है। जीओसी 16 कोर लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए पहुंचे हुए हैं। राजोरी-पुंछ रेंज के डीआईजी डॉ. हसीब मुगल सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे हुए हैं।

# कोरोना मरीजों का आंकड़ा 3400 के पार, चार की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत सहित दुनिया के कई देशों में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि रिपोर्ट की जा रही है। चीन में नवंबर में बढ़े संक्रमण के मामलों के बाद सिंगापुर और फिर भारत में भी हालात बिगड़ने की खबर है। शनिवार (23 दिसंबर) के आंकड़ों की बात करें तो देश में कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों ने करीब आठ महीनों की रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में शुक्रवार को एक दिन में 752 मामले दर्ज किए गए हैं, जो 21 मई के बाद सबसे अधिक है। इसके साथ देश में कोरोना के सक्रिय मामले 3,000 का आंकड़ा पार कर 3,420 हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में चार लोगों की मौत (दो केरल से और एक-एक राजस्थान और कर्नाटक) भी हुई है।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों में के लिए दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे JN-1 वैरिएंट को प्रमुख कारण माना जा रहा है। अब तक हुए अध्ययनों में कोरोना के इस वैरिएंट को ओमिक्रॉन के पिछले वैरिएंट्स से मिलता-जुलता ही बताया गया है, पर कुछ बातें हैं जो JN-1 वैरिएंट की प्रकृति को खतरनाक बनाती हैं। आइए जानते हैं।

## भाजपा नेत्री ने किया योग कक्षाओं का शुभारंभ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज हाईड पार्क सेक्टर 78 के क्लब हाउस में भाजपा सोशल मीडिया सह संयोजक श्रीमती रचना जैन ने फीता काट कर योग कक्षाओं का शुभारंभ किया।

श्रीमती रचना जैन ने महिलाओं के लिए उठाए गए इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि 'योग हर किसी व्यक्ति को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है और महिलाओं के लिए अलग से योग क्लास उन महिलाओं को भी योग के लिए प्रेरित करेंगी जो ज्वाइंट क्लास में सहज महसूस नहीं करतीं। अलग से महिला प्रशिक्षक होने से ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इससे जुडेंगी।' हाइड पार्क के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि महिलाओं के लिए अलग योग क्लास यहां की महिलाओं की बहुप्रतीक्षित मांग थी। जिसे आज शुरू किया जा रहा है।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष टीके भाटी भी उपस्थित रहे।

## ओम बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया



**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** इफको घियानगर स्थित ओम बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव दिनांक 22 दिसंबर 2023 को हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको फूलपुर के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया एवं श्रीमती विनीता कुदेशिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया साथ में सम्मानित अतिथि महाप्रबंधक (तकनीकी) संजय वैश्य एवं महाप्रबंधक (उपयोगिता) एम डी मिश्रा उपस्थित थे।

प्रधानाचार्य श्रीमती मेनका सिन्हा द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया। बच्चों की प्रस्तुति कृष्ण वंदना, स्माइल ऑन योर फेस ,छोटे-छोटे तमाशे, शिक्षा का महत्व, राजस्थानी चौमासा डांस, वि शाल ओवर कम, एक चिड़िया तथा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया।

विद्यालय की निदेशिका श्रीमती विनीता कुदेशिया ने सभी कार्यक्रमों की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त महाप्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) श्रीमती व ए पी राजेंद्रन, श्रीमती व संजय भंडारी संयुक्त महाप्रबंधक (उत्पादन), संयुक्त महाप्रबंधक (नैनो) अरुण कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक (क्रय) अरवेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधक (नैनो) विनय विक्की, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शंभू शेखर, उप महाप्रबंधक (इंस्पेक्शन) पीके त्रिपाठी व जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती पल्लवी विक्की ने किया।

# पृष्ठ एक के शेष....

**नतमस्तक होकर किसानों को ....**

सीएम ने यहां किसान मित्र एआई ऐप का शुभारंभ किया और कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म दिखाई गई। सीएम ने किसानों की यशगाथा विकास यात्रा पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी चर्चा की।

सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अच्छे प्रशासक व महान किसान नेता थे। उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई लॉ से की थी, लेकिन किसान व कृषि पृष्ठभूमि के कारण उनकी स्पष्ट राय थी। उन्होंने कहा कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत वर्ष की समृद्धि का मार्ग खेत-खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सबसे बड़े लोकतंत्र का आधार है। चौधरी चरण सिंह ने अनेक कार्यों के जरिए अपने समय में किसानों के जीवन में बदलाव के अभियान को बढ़ाया था।

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े 9 वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। पहली बार अन्नदाता किसानों ने महसूस किया कि वे भी किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएम किसान फसल बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लागत का डेढ़ गुना दाम एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन किया गया। अब तक इसकी 15 किस्त किसानों के पास पहुंच चुकी है। सिर्फ यूपी में ही 2.61 करोड़ किसानों के खाते में 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि पहुंच चुकी है।

### अब स्मार्ट फोन से शांत होगी किसानों की जिज्ञासा

सीएम ने कहा कि अभी हमने एक अप्लीकेशन लांच किया है। ऐप के माध्यम से एआई का उपयोग किसान मित्र के रूप में कैसे किया जा सकता। अब किसानों की हर जिज्ञासा का जवाब स्मार्ट फोन से प्राप्त हो जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। कुछ समय बाद दो करोड़ ड्रोन दीदी तैयार होनी है। ड्रोन के माध्यम से अब एक घंटे में सौ एकड़ खेती में दवा, खाद, पेस्टिसाइड का छिड़काव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ के क्षेत्र में सामूहिक रूप से मिलकर खेतीबाड़ी व फूड प्रोसेसिंग की प्रक्रिया से जुड़कर भी कई गुना मुनाफा कमा सकते हैं। वेयर हाउस के बारे में सीएम ने कहा कि यदि मार्केट में दाम कम है तो जब दाम अच्छा मिले तो गोदाम से उपज निकालकर उपलब्ध कराएं। इसके लिए एफपीओ के माध्यम से हर विकास खंड स्तर पर वेयर हाउस निर्माण की कार्रवाई को बढ़ाया जा रहा है। अब मनुष्य के साथ धरती मां की सेहत की भी देखभाल होगी। पीएम स्वायल हेल्थ कार्ड इसका उदाहरण है।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किया नमन

लोकभवन में कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर शनिवार को विधान भवन प्रांगण में उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। किसान कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहे चौधरी साहब की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषक उपहार योजना के अंतर्गत विधान भवन के सामने किसानों को ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की और झंडी दिखाकर ट्रैक्टरों को रवाना किया।

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर सुषमा खर्कवाल, योगी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, जेपीएस राठौर, गिरीश चंद यादव, दिनेश प्रताप सिंह, बलवीर सिंह औलख, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन (दर्जा प्राप्त रसज्यमंत्री) कैप्टन विकास गुप्ता भी आदि मौजूद रहे।

**कल ग्रेनो आएंगे ....**

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में पीएचडी समेत करीब 7 हजार विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इनके अलावा कुछ चुनिंदा छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर दीक्षांत समारोह में पंजीकरण करने के लिए लिंक जारी किया गया है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री के आने की तैयारी शुरू हो गई है।

**कार सवार रईसजादों ने....**

पकड़े गए आरोपी खुद को एक स्थानीय नेता का जानकार बता रहे थे। पकड़े गए आरोपियों को थाना नॉलेज पार्क पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम अभिजीत निवासी ग्राम खानपुर, सचिन बैसला निवासी ग्राम घिटोरा बागपत व अमन निवासी सरिता विहार दिल्ली बताये।

**चौधरी चरण सिंह की....**

एवं वक्ताओं ने अपने सारगर्भित विचार रखे।

इस अवसर पर प्रीत मंच के अध्यक्ष डॉ. निर्दोष सिंह गंधर्व, उपाध्यक्ष इंजीनियर राजीव चौधरी, शास्त्री कुमार, महासचिव सुधीश चौधरी, सचिव जितेंद्र सिंह एडवोकेट, संयुक्त सचिव हरि सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष डीपी सिंह, उदयवीर सिंह खोखर, पीएस चौधरी समेत कई पदाधिकारी, सदस्य तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

**बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ....**

अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता उमेश भाटी ने विजयश्री हासिल की। उमेश भाटी ने 715 वोट प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रमेंद्र भाटी को 569 वोट मिले हैं। तीसरे स्थान पर मनोज भाटी और चौथे स्थान पर अलबेल भाटी रहे। सचिव पद के लिए कुल 2027 वोट पड़े और 757 वोट प्राप्त कर धीरेंद्र भाटी ने विजय हासिल की। दूसरे स्थान पर रजत शर्मा, तीसरे स्थान पर अजीत नागर तथा चौथे स्थान पर उधम सिंह रहे।आधी रात के बाद घोषित हुए चुनाव परिणाम के अनुसार, धीरेंद्र भाटी को ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का सचिव चुना गया है, जबकि नरेंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मोहन मावी कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। वोटों की गिनती रात 2:00 बजे के बाद तक जारी रही।

नतीजे जानने के लिए वकील न्यायालय परिसर में जमे रहे। सचिव धीरेंद्र भाटी ने रजत शर्मा को हराकर 92 वोटों से जीत हासिल की। नतीजे घोषित होते ही समर्थक खुशी से झूम उठे।

आपको बता दें कि शुक्रवार की सुबह 9 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो शाम तक जारी रही। जिला बार एसोसिएशन के कुल 2114 मतदाताओं में से 2030 ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान संपन्न होने के बाद देर शाम 6 बजे से मतगणना शुरू हुई। कोषाध्यक्ष पद पर मोहन मावी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को कांटे के मुकाबले में 14 वोटों से हराया, उन्होंने 691 वोट प्राप्त किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराकर 111 वोटों से विजय हासिल की।

**युवक का शव मिला....**

उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान नरेंद्र की मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

**मुठभेड़ में शातिर बदमाश ...**

चोरी की बाइक व लुटे हुए मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

नोएडा सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदयेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ चार मूर्ति चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकले। संदेह के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया और राइस चौक के पास उन्हें घेर लिया। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया।

पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम अमन पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम खेड़ा नवादा जनपद बदायूं बताया। पकड़ा गया बदमाश हाल में तिगरी गांव में रह रहा है।

एडीसीपी ने बताया कि अमन के फरार साथी का नाम पवन गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता जनपद बरेली है और उसकी तलाश की जा रही है। अमन के पास से एक तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक व लुट गए मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने के करीब 10 मुकदमे पंजीकृत हैं।

**लाखों की नकदी व ....**

सोने की चेन और 10 साड़ी गायब थी। परिजनों ने जब प्रभात कुमार के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो वह भी स्विच ऑफ मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घरेलू सहायिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

**नकदी मोबाइल चोरी**

बरौला गांव की राजपूत कॉलोनी में बने गौरीशंकर मंदिर के पुजारी प्रेमपाल शर्मा ने अपने पड़ोस में रहने वाले खेतपाल पुत्र मोहर सिंह के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि बीते 7 दिसंबर की सुबह उसके पड़ोस में रहने वाला खेतपाल उनके कमरे में आया। इस दौरान वह अपने बाथरूम में नहा रहे थे। खेतपाल उनके बैग से 47000 तथा मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। चोरी की जानकारी मिलने पर उन्होंने खेतपाल की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

आरोपीय खेतपाल ने अपना मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ कर रखा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## हत्यारोपी सास व सुपरी किलर पर गैंगस्टर की कार्यवाही

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सुपारी देकर बहू की हत्या करने वाली सास व सुपारी किलर के खिलाफ थाना बादलपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। बीते दिनों पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए सास व सुपारी किलर को गिरफ्तार किया था।

थाना प्रभारी अमरेश सिंह ने बताया कि बीते सितंबर माह में सोनी नामक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विवेचना के बाद इस मामले में पुलिस ने मृतका के साथ गीता देवी पत्नी भी प्रसाद निवासी चिपियाना खुर्द व सुपारी किलर उमेश उर्फ कल्लू यादव पुत्र अनार सिंह को गिरफ्तार किया था। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को पता चला था कि गीता देवी ने ही 100000 रूपये की सुपारी देकर अपनी बहू की हत्या कराई थी।

गीता ने अपनी बहू की हत्या इसलिए कराई थी क्योंकि उसका बेटा अपनी पत्नी के कहने में चलता था। इसी वजह से गीता ने अपनी बहू को सुपारी किलर के हाथ मौत के घाट उतरवा दिया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि गीता व सुपारी किलर के खिलाफ गैंगस्टर के कार्रवाई की गई है।

## ऐप खरीद पर बेहतर रिटर्न का लालच दे 1 रुपये लाख ठगे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वेबसाइट के एप खरीदने पर बेहतर रिटर्न देने का लालच देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति से एक लाख रुपए ठग लिए । पीड़ित ने थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम रायपुर निवासी पंकज शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते दिनों उसके व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति का मैसेज आया। मैसेज करने वाले व्यक्ति ने बताया कि अगर वह उसकी वेबसाइट के एप खरीद कर उनके साथ जुड़ता है तो उसे बेहतर रिटर्न मिलेगा। उसके हां कहने पर उसने उसे एक वेबसाइट का लिंक भेजा और उसे पोर्टल के वर्चुअल वॉलेट में जोड़ दिया। इसके बाद उसने यूपीआई का उपयोग करते हुए उक्त व्यक्ति के मार्गदर्शन में एप की खरीदारी शुरू कर दी। छोटी सी धनराशि से शुरू हुआ यह मामला धीरे-धीरे लाखों रुपए तक पहुंच गया। इसके बाद जब उसे रिटर्न वापस नहीं मिला तो उसने उक्त नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उस पर और पैसे जमा करने का दवाब डाला गया। धोखाधड़ी का एहसास होने पर उसने अपने पैसे वापस मांगे तो पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया गया। पीड़ित ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## छात्रा से मोबाइल लूटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के सेक्टर डेल्टा वन में बाइक सवार बदमाशों ने एक छात्रा से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है सेक्टर पाई-1 निवासी दिलीप पांडे ने पुलिस की शिकायत में बताया कि बीते 21 दिसंबर की शाम को उसकी बेटी कॉलेज से पढ़कर वापस कर लौट रही थी। वह डेल्टा सेक्टर पहुंची तो पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उसकी बेटी ने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल कर बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## दुकान से चुराया आई फोन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सिद्धार्थ कॉलोनी में स्थित एक मोबाइल की दुकान पर ग्राहक के रूप में आए जालसाज ने आईफोन चोरी कर लिया। दुकानदार ने थाना सेक्टर-63 में जालसाज के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया है।

मूल रूप से मधेपुरा निवासी ताजमहल में छिजरसी गांव में रह रहा है उसकी छिजारसी गांव की सब्जी मंडी में मोबाइल की शॉप है। बीते 20 दिसंबर की शाम को उसकी दुकान पर एक अज्ञात व्यक्ति फोन खरीदने आया उक्त व्यक्ति ने मोटरोला फोन पसंद कर लिया। इसके बाद वह है पड़ोस की दुकान से अपने आधार कार्ड के जरिए 6000 रूपये निकाल कर लाया। उसके बाद उसने आईफोन 11 दिखाने को कहा। दुकान पर अधिक भीड़ होने के कारण उक्त व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से आईफोन चोरी कर अपनी जेब में रख लिया। इसके बाद वह 6000 रूपये का दूसरा फोन खरीद कर वहां से चला गया। कुछ देर बाद जब आईफोन चोरी होने की जानकारी मिली तो उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की। फुटेज में उक्त व्यक्ति बड़े शातिर तरीके से आईफोन को जेब में रखता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित तजमुल ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना सेक्टर 63 में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## बृजभूषण सिंह के घर लगे पोस्टर- दबदबा तो है, दबदबा तो रहेगा




नई दिल्ली। यौन शोषण के आरोपों के बाद विवादों में आए भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खासमखास संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को हराया है। यूपी कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय को 40 जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी और राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को सिर्फ सात मत मिले। शानदार जीत के बाद जहां बृजभूषण के बेटे प्रतीक भूषण सिंह ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की तो वहीं अब बृजभूषण शरण सिंह के बाहर लगे पोस्टर में लिखा है- दबदबा तो है दबदबा तो रहेगा। ये तो भगवान ने दे रखा है। संजय ने चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह देश के हजारों पहलवानों की जीत है जिन्हें पिछले सात से आठ महीनों में नुकसान उठाना पड़ा है।' अनिता का पैनल हालांकि महासचिव पद अपने नाम करने में सफल रहा जब प्रेम चंद लोचब ने दर्शन लाल को हराया। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के पूर्व सचिव लोचब ने 27-19 से जीत दर्ज की. राष्ट्रीय राजमार्ग पर 'फूड ज्वाइंट्स की चेन' चलाने वाले और प्रदर्शनकारी पहलवानों के करीबी माने जाने वाले देवेंद्र सिंह कादियान ने आईडी नानावटी को 32-15 से हराकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। संजय सिंह मूल रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के रहने वाले हैं। इस समय वो वाराणसी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। संजय सिंह बबलू पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से कुश्ती संघ से जुड़े हैं और बृजभूषण शरण सिंह के काफी नजदीकी माने जाते हैं। वो 2008 से ही वाराणसी कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष हैं। संजय सिंह बबलू का 2009 में प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष के रूप में चयन हुआ था। अनीता श्योराण को बृजभूषण शरण सिंह का विरोधी माना जाता है। वह हरियाणा के भिवानी जिले की रहने वाली हैं। अनीता ने पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ भी गवाही दी थी। अनीता कुश्ती के मैदान में भी बड़ी सफलता हासिल कर चुकी हैं, उन्होंने 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। अगर अनीता श्योराण ये चुनाव जीततीं, तो वो पहली महिला पहलवान होतीं।

## क्रिसमस और नए साल पर देर रात तक खुली रहेगी शराब की दुकान

मुंबई। शराब प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है. महाराष्ट्र सरकार ने क्रिसमस और नए साल पर मुंबई में होटल, बार और पब को देर रात तक खोलने की अनुमति दे दी है। सरकार ने ये इजाजत तीन दिनों के लिए दी है. इसके मुताबिक, इस महीने 24, 25 और 31 दिसंबर को शराब की खुदरा दुकानें रात 10.30 बजे से 1 बजे तक खोलने की इजाजत दी गई है. इस संबंध में एक्साईज विभाग ने सर्कुलर जारी कर दिया है. इस सर्कुलर में लिखा है कि, महाराष्ट्र निषेध अधिनियम की धारा 139 (1) (सी) और धारा 143 (2) (एच 1) (आईवी) के तहत क्रिसमस एवं नव वर्ष के अवसर दिनांक 24 और 25 दिसंबर एवं दिनांक 31 दिसंबर को सरकार द्वारा विभिन्न शराब बिक्री लाइसेंस निर्धारित समय के बाद देर रात तक खुले रखने की मंजूरी दी जा रही है। क्लब अगले दिन सुबह 5 बजे तक और पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के लिए रात 1.30 बजे से सुबह 5 बजे तक। साथ ही बीयर बार को रात 12 बजे से अगले दिन सुबह 5 बजे तक जारी रखने की इजाजत दी गई है. इसके अलावा, महानगरपालिका के साथ-साथ अ, व और ब वर्ग के नगरपालिका क्षेत्र में लाइसेंसधारियों के लिए बार और वाइन की दुकानों को रात 11 बजे से रात 1 बजे तक और अन्य स्थानों पर रात 10 बजे से रात 1 बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है।

## कोविड-19 के बाद वैश्विक कर्ज में वृद्धि चिंता का विषय

नई दिल्ली । क्रेडिट रेटिंग एजेंसी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 के बाद वैश्विक कर्ज में वृद्धि एक बड़ी चिंता का विषय है। यह 2022 में 92 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 92 प्रतिशत है। 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग 19 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर या वैश्विक सार्वजनिक ऋण का लगभग 20 प्रतिशत ऋण जमा हो चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक ऋण साल 2028 तक 132 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद के विभिन्न ऋण चक्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि कोविड के बाद ऋण के स्तर में तेजी से वृद्धि के कारण ऋण संकट में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे कम आय वाले देशों में डिफाल्ट होने का जोखिम बढ़ गया है। एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि महामारी के बाद एडवांस्ड और ईएमडीई में ऋण स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं लो इंटरेस्ट रेट का फायदा उठा रही हैं। लेकिन अब, ब्याज दरें लंबी अवधि तक ऊंची रहने के साथ, उन्हें बढ़ती ऋण सेवा लागत का दर्द महसूस होगा। रेटिंग्स एजेंसी की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, वैश्विक ऋण में हालिया उछाल इसकी तेज वृद्धि और भारी मात्रा दोनों में उल्लेखनीय है। ऋण के स्तर में तेज वृद्धि के साथ, ऋण संकट की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। 2020 के बाद से लगभग 19 अर्थव्यवस्थाएं या तब अपने ऋण दायित्वों पर डिफॉल्ट कर चुकी हैं या उसका पुनर्गठन किया है।

## आप नेता संजय सिंह को झटका, नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली । दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने राज्यसभा सांसद सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी।



इससे पहले गुरुवार को अदालत ने सिंह की जमानत अर्जी पर फैसला 22 दिसंबर के लिए तय करते हुए कार्यवाही स्थगित कर दी थी। दलीलों के दौरान, सिंह के वकील ने कथित रिश्वत के संबंध में, विशेष रूप से आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास की ओर इशारा किया। प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह के आवेदन का विरोध किया और दावा किया कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो इसमें संभावित हस्तक्षेप हो सकता है। 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए आप सांसद सिंह ने 2021-2022 की रद्द की गई आबकारी नीति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के ईडी के दावे का खंडन किया, उन्होंने आरोप लगाया कि इसने वित्तीय लाभ के लिए विशिष्ट शराब संस्थाओं को लाभ पहुंचाया। वह किसी भी गलत काम से इनकार करते हैं। दिल्ली शराब घोटाला, या उत्पाद शुल्क नीति मामला, इन आरोपों के इर्द-गिर्द घूमता है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया, जिससे विशिष्ट डीलरों को फायदा हुआ, जिन्होंने कथित तौर पर रिश्वत दी थी। पिछले साल, ईडी ने मामले में अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें 200 से अधिक खोज अभियानों का खुलासा किया गया था। मुख्य सचिव की जुलाई की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा अनुशंसित सीबीआई मामले के आधार पर एफआईआर शुरू की गई थी।

## फर्जी पासपोर्ट के साथ पकड़े गए ईरानी को दो साल की जेल

महराजगंज। महराजगंज की एक अदालत ने फर्जी पासपोर्ट पर नेपाल जाने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किए ईरानी नागरिक को दो साल की की सजा दी है। एडीजीसी ने शुक्रवार को बताया कि न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को आरोपी ईरानी नागरिक 38 वर्षीय हुसैन हमीदिया को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई है।

# स्मृति ईरानी ने लगाया गांधी परिवार पर अमेठी के किसानों को लूटने का आरोप

### 600 रुपये में किराए पर ली 30 एकड़ जमीन,

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार पर 2019 के आम चुनाव में राहुल गांधी को हराने तक पूर्व पारिवारिक गढ़ रहे अमेठी में जमीन हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सिर्फ 600 रुपये में 30 एकड़ जमीन किराए पर ली। एएनआई की स्मिता प्रकाश के साथ उनके पॉडकास्ट पर बातचीत में अमेठी से भाजपा के लोकसभा सांसद ईरानी ने कहा कि गांधी परिवार ने औद्योगीकरण के नाम पर किसानों और अन्य लोगों से जमीन हथिया ली। मुझे लोगों को यह बताने में थोड़ा समय लगा कि वास्तव में मुझ पर विश्वास करें कि गांधी परिवार द्वारा लोगों से उनकी जमीनें लूटी जा रही थीं। मैंने संसद में यह कहा है।

600 रुपये में 30 एकड़ जमीन किराए पर ली गई। परिवार (गांधी) वहां अपने लिए एक अच्छा, सुंदर कॉम्प्लेक्स बनाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आगे आरोप लगाया कि जमीन का एक टुकड़ा, जिसका उपयोग अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए किया जाना था, गांधी परिवार ने एक कार्यालय के लिए हड़प लिया। ईरानी ने दावा किया कि जो लड़कियां परिवार (गांधी) के खिलाफ गईं और उनके खिलाफ धरना दिया, उन्हें जेल में डाल दिया गया। 2014 के आम चुनाव में स्मृति ईरानी उत्तर प्रदेश के अमेठी में राहुल गांधी से हार गईं। उन्होंने 2019 में गांधी से सीट छीनकर उस हार का बदला लिया। 47 वर्षीय ईरानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल की सबसे युवा सदस्य हैं।

पॉडकास्ट के दौरान, स्मृति ईरानी ने अपने प्रारंभिक जीवन पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन्होंने टाटा छात्रवृत्ति हासिल की। आप जो कुछ भी करते हैं उसका श्रेय पिताजी को जाता है÷ और अपनी खुद की पहचान बनाने के लिए मुंबई जाने की इच्छुक थीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ अपनी योग्यता के आधार पर कुछ बनना चाहती थी।



## 2019 के मामले में नवजोत सिंह सिद्धू को पटना हाईकोर्ट से राहत....मामला हुआ रद्द

चंडीगढ़ । पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू पर 2019 के लोकसभा चुनाव में धर्म के आधार पर वोट की अपील करने के मामले में दर्ज एफआईआर को पटना हाईकोर्ट ने रद्द करने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई कर पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश संदीप कुमार ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस नेता सिद्धू ने तब अपने भाषण के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआई एम ) प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा मुस्लिम वोटों के बंटवारे के खिलाफ आगाह किया था, सिद्धू की मंशा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की नहीं बल्कि मुस्लिम वोट के बंटवारे को रोकने की थी। सिद्ध के खिलाफ 16 अप्रैल, 2019 में आईपीसी और रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ था। निचली अदालत के फैसले को सिद्धू ने पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि सिद्ध के भाषण से ऐसा नहीं लगता है कि याचिकाकर्त्ता ने दो वर्गों के लोगों या दो धर्मों के बीच दुश्मनी या नफरत की भावनाओं को बढ़ावा देने का प्रयास किया। सिद्धू ने केवल इतना कहा कि ओवैसी मुस्लिम वोटों को विभाजित करने की कोशिश कर रहे थे। सिद्ध के बयान में किसी भी सांप्रदायिक तनाव या हिंसा का जिक्र नहीं है, बल्कि केवल मुस्लिम समुदाय को ओवैसी के इशारे पर अपने वोट विभाजित करने के बारे में आगाह किया गया है। हाईकोर्ट ने आरोप को खारिज किया कि सिद्धू ने धर्म के नाम पर वोट मांगे थे।

# सदन कार्यवाही : पुलिस को दी न्यायाधीश, जूरी और एक्जिक्यूटर शक्तियां: ओवैसी

### -आईपीसी की जगह तीन नए कानून पर चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद सत्र के दौरान लोकसभा में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लाए गए तीन नए कानूनों पर बहस चल रही है। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इन तीनों कानूनों को गुलामी की निशानी को मिटाने का प्रयास बताया। वहीं एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने इन नए कानूनों की तुलना रौलट ऐक्ट से कर दी। बहस के दौरान ओवैसी ने शायराना अंदाज में कहा, हमको शाहों की अदालत से तवक्क़ो तो नहीं, आप कहते हैं तो जंजीर हिला देते हैं। इसके साथ ही 20 दिसंबर को लोकसभा में उन्होंने जॉन एलिया साहब का शेर -जुर्म में हम कमी करें भी तो क्यूं, तुम सज़ा भी तो कम नहीं करते, पढ़ा।

ओवैसी के अनुसार मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन तीनों ही विधेयक में कई ऐसे प्रावधान जोड़े गए हैं जो काफी खतरनाक हैं। ये देश के आम नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए खतरा हैं। इन नए कानूनों पर ओवैसी कहते हैं कि ये विधेयक भारत के आम लोगों के खिलाफ हैं। इसमें पुलिस को न्यायाधीश, जूरी और एक्जिक्यूटर के रूप में काम करने की शक्तियां दे दी गई हैं। अगर इसे कानून की शक्ल दी जाती है तो आम लोगों से उनके अधिकार छीन लिए जाएंगे।

आईपीसी में फिलहाल 511 धाराएं हैं। इसकी जगह भारतीय न्यायिक संहिता लेता है तो इसमें 356 धाराएं रह जाएंगी। पुराने कानून से नए कानून में 175



धाराएं बदल जाएंगी। भारतीय न्यायिक संहिता में 8 नई धाराएं जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं हटाई जाएंगी।

इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं रह जाएंगी और 160 धाराएं बदल जाएंगी। नए कानून में 9 नई धाराएं जोड़ी गई है और 9 खत्म का गई है। ओवैसी ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि देश की वर्तमान सरकार का मंत्र जनता के लिए अविश्वास और धंधे के लिए विश्वास मंत्र है। हमारे देश में आज सूट पहनने वाला व्यक्ति किसी भी सजा से बच जाता है। खाकी पहना व्यक्ति किसी को भी गोली मार सकता है उन्हें किसी तरह का जवाब भी नहीं देना होता। लेकिन, संसद में बैठे जिन लोगों पर आतंकवाद के आरोप हैं, वह इस कानून में बताएंगे कि आतंकवाद क्या है।

अपने पूरे भाषण के दौरान गुस्से में नजर आ रहे ओवैसी को जब किसी अन्य सदस्य ने टोका तो उन्होंने कहा कि वह मरने को तैयार हैं, उनकी गोलियां खत्म हो जाएंगी लेकिन वह जिंदा रहेंगे। ओवैसी ने इसी दौरान साल 1999 में उनके साथ ही पुलिस के हाथों पिटाई का भी एक किस्सा साझा किया। ओबैसी कहते हैं कि, 22 दिसंबर 1999 को पुलिस ने मुझे पीटा था उस दिन मेरे सिर पर 20 टांके लगाए गए थे।उस वक्त टीडीपी की सरकार थी और मुझे पीटने वाले दोनों पुलिसवालों को आईपीएस बना दिया गया।

गौरतलब है ?कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक का रास्ता लोकसभा में साफ हो गया। अब इन तीनों बिलों को जांच के लिए संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। इसके बाद इन्हें लोकसभा और बाद में राज्यसभा में पारित कराया जाएगा। अगर यह तीन विधेयक कानून की शक्ल लेता है तो ये बिल भारतीय दंड संहिता (आपीसी), कोड ऑफ़ क्रिमिनल प्रोसीजर और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह ले लेंगे।

## सीएम विष्णुदेव का मंत्रिमंडल गठित, 9 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ



### -केन्द्र की मोदी सरकार ने नए कानून के तहत किया सजा का प्रावधान

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नए मंत्रिमंडल का गठन आज शुक्रवार को कर दिया गया। 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने और मुख्यमंत्री विष्णुदेव के बनने के बाद ही आज शुक्रवार को मंत्रिमंडल का गठन भी कर दिया गया। इसमें 9 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। मंत्रिपद की शपथ लेने वाले विधायकों में बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल और लखन लाल देवांगन भी शामिल हैं। बलौदाबाजार के विधायक विधायक टंकराम वर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली है। मंत्री बने टंकराम वर्मा शिक्षक की नौकरी छोड़ राजनीति में आए हैं। वहीं पहली बार की विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में लक्ष्मी राजवाड़े सबसे कम उम्र की कैबिनेट मंत्री हैं।

रायगढ़ से भाजपा विधायक और पूर्व आईएएल अधिकारी ओपी चौधरी को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। प्रशासनिक कौशल में माहिर ओपी चौधरी भी पहली बार ही विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। गौरतलब है कि साल 2018 में आईएएस अधिकारी के पद से इस्तीफा देकर चौधरी ने राजनीति में कदम रखा था। वहीं विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। जायसवाल सरगुजा संभाग के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा सीट से दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। मंत्री जायसवाल भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। इसी के साथ अब 9 मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री साय अपनी सरकार को चलाने के लिए तैयार दिख रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हो सकते हैं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां हो रही हैं। समारोह में विदेशी मेहमानों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह-2024 में मुख्य अतिथि हो सकते हैं। इस वक्त भारत और फ्रांस के बीच मैक्रों के भारत दौरे के बारे में बातचीत जारी है। भारत की तरफ से फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनाए जाने के लिए आमंत्रण पत्र भेज दिया गया है। इसी साल 2023 में फ्रांस के बस्तील डे समारोह पर पीएम नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि थे।कोविड महामारी के कारण 2021 और 2022 में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कोई मुख्य अतिथि नहीं बुलाया गया था। 26 जनवरी को इस कार्यक्रम में फ्रांस के किसी राष्ट्रपति को छठी बार आमंत्रित किया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को गणतंत्र दिवस के मौके पर आमंत्रित किया जाना दोनों देशों के बीच विकसित हुई मजबूत निकटता और भरोसे को दर्शाता है। भारत का गणतंत्र दिवस समारोह राजनयिक संबंधों को पेश करने और सेनाओं की ताकत का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। पहले के गणतंत्र दिवस परेड की एक उल्लेखनीय विशेषता राफेल जेट्स का एयर शो रहा था। जो भारत और फ्रांस के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग की मिसाल को सामने लाता है।

## राहुल गांधी का आरोप, बेरोजगार युवा अब संसद में घुस रहे

### -आज युवा साढ़े सात घंटे मोबाइल में बिता रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर मंतर पर आयोजित इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन को संबोधित कर कांग्रेस सांसद और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, हम सब विपक्ष के नेता और विपक्ष के कार्यकर्ता एक साथ खड़े हैं। ये लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच की लड़ाई है। नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला कर कहा कि आज देश में बोलने की आजादी खत्म हो रही है और युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं।

राहुल गांधी ने संसद में हुई सुरक्षा चूक का मुद्दा उठाकर कहा, सवाल सिक्योरिटी ब्रीच का है, लेकिन सवाल ये भी है कि उन युवाओं ने ये प्रोटेस्ट क्यों किया? उसका कारण है बेरोजगारी, देश में भयंकर बेरोजगारी है और युवा आज रोजगार नहीं पा सकता है। मैंने किसी से कहा कि एक काम करो, एक छोटा सा सर्वे करो, किसी भी शहर में चले जाओ और पता करो कि हिंदुस्तान के जो युवा हैं, वहां मोबाइल पर दिन में कितना घंटा बिताते हैं। वहां भी छोटे शहर में



पता कराया, मैं हैरान रह गया कि साढ़े सात घंटे युवा एक दिन में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, मेल पर यानि सेलफोन पर रहता है। यानि मोदी सरकार में हिंदुस्तान का युवा साढ़े सात घंटे फोन पर रहता है, क्योंकि मोदी जी ने उस युवा को रोजगार नहीं दिया। जो सिक्योरिटी ब्रीच हुआ संसद में वहां इस वजह से हुआ क्योंकि युवाओं को रोजगार नहीं मिला और वह कूदकर संसद में आ गए।

सांसदों के निलंबन का जिक्र कर राहुल गांधी ने कहा, कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूदकर अंदर आ गए। उन्हें कूदते हुए हम सभी ने देखा। वे अंदर आए, उन्होंने थोड़ा धुआं फैलाया, भाजपा के सभी सांसद भाग गए... जो अपने आप को देश भक्त कहते हैं उनकी हवा निकल गई थी.. वे अंदर कैसे आए? संसद के अंदर वे गैस का सिलेंडर ले आए?... उन्होंने ये विरोध क्यों किया? उसका कारण क्या था? बेरोजगारी!... इस देश का युवा आज रोजगार नहीं पा सकता है। अमित शाह से सवाल से पूछा कि आप गृह मंत्री हैं ये दो युवा संसद में कैसे आ गए?, तब उन्होंने जवाब नहीं दिया बल्कि 150 सांसदों को बाहर कर दिया।

राहुल ने कहा, हर सांसद लाखों वोट लेकर आता है। आपने केवल 150 लोगों का अपमान हीं किया बल्कि हिंदुस्तान की 60 फीसदी जनता का मुंह बंद किया। आप अग्निवीर योजना लाए और युवाओं से आपने देशभक्ति की फीलिंग छीनी। जब युवा अग्निवीर के खिलाफ खड़े हुए, तब आपने उनसे कह दिया कि आप प्रदर्शन करते हैं, तब आपको सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। अपने भाषण के अंत में राहुल गांधी ने कहा, हम सब विपक्ष के नेता और कार्यकर्ता एक साथ खड़े हैं। ये लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच में है। जैसे मैंने कहा कि नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। जितना आप लोगों को डराएंगे उतना इंडिया एलाएंस भाईचारा फैलाएगा, एकता फैलाएगा।

# महाराष्ट्र में बच्चों के खिलाफ सबसे ज्यादा दुर्व्यवहार, आंकड़ों से हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले कुछ वर्षों में देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध और महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। दरअसल ये चौंकाने वाली जानकारी रिपोर्ट से सामने आई है. इसके अलावा हाल ही में जारी हुई नेशनल क्राइम रजिस्टर की रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ है कि महाराष्ट्र में भी अपराध बढ़ा है. विश्लेषण से पता चला है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में बच्चों के खिलाफ अपराधों में भारी वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध में काफी बढ़ोतरी हुई है. देशभर में बच्चों को लेकर 1 लाख 62 हजार अपराध दर्ज किए गए हैं. लड़के-लड़कियों के खिलाफ अपराध में 8.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. चौंकाने वाली बात यह है कि इन अपराधों में देश में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है। जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है. यह सनसनीखेज जानकारी नेशनल क्राइम रजिस्टर की रिपोर्ट से सामने आई है. इसमें बताया गया है कि देश में नाबालिग लड़के-लड़कियों के खिलाफ अपराध में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि नाबालिगों के खिलाफ दुर्व्यवहार के मामलों में भी महाराष्ट्र में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है। देशभर में नाबालिगों पर अत्याचार के 1 लाख 62 हजार 449 मामले दर्ज किए गए हैं. नाबालिगों के खिलाफ यौन शोषण और अन्य दुर्व्यवहारों के मामले में महाराष्ट्र देश में पहले स्थान पर है। महाराष्ट्र में 20 हजार 762 मामले दर्ज किए गए हैं. दूसरे स्थान पर मौजूद मध्य प्रदेश में 20 हजार 415 अपराध दर्ज किये गये हैं. उत्तर प्रदेश में 18,682 मामले, राजस्थान में 9370 मामले और पांचवें स्थान पर ओडिशा में 8 हजार 240 मामले हैं। उत्तर प्रदेश में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के सबसे ज्यादा 999 मामले हैं, जबकि केरल राज्य में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के 930 मामले हैं. तेलंगाना में 113 लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया गया. महाराष्ट्र में नाबालिग लड़की से रेप के बाद हत्या की 14 घटनाएं हो चुकी हैं. ऐसे अपराधों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में 37 नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

### मुंबई में भी अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी

इस बीच आम तौर पर सुरक्षित मानी जाने वाली मुंबई में भी अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है. ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, पंजीकृत अपराधों की संख्या के मामले में मुंबई दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल देश में कुल 58 लाख 24 हजार 946 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें



आईपीसी के तहत 35 लाख 61 हजार 379 अपराध और राज्य के विशेष कानूनों के तहत 22 लाख 63 हजार 364 अपराध शामिल हैं. हालांकि, 2021 की तुलना में 2022 में अपराध 4.5 फीसदी बढ़ गए हैं. इसमें पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहले, महाराष्ट्र दूसरे और मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर है।

# दीप्ति और पूजा की शतकीय साझेदारी, भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर शिकंजा कसा

**मुंबई (एजेंसी)।** दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 33) के बीच 102 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 157 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 376 रन बनाए थे।

भारत की चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए जिनमें दीप्ति के अलावा स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73) और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही रिचा घोष (52) शामिल हैं। दीप्ति और वस्त्राकर ने तब जिम्मेदारी संभाली जब भारत ने 14 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंदबाजों का उपयोग किया लेकिन केवल ऑफ स्पिनर एशले गार्डनर (100 रन देकर चार विकेट) ही अपना प्रभाव छोड़ पाई।

महिला एशेज टेस्ट में आठ विकेट लेने वाली गार्डनर ने भारतीय बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया तथा अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके महत्वपूर्ण विकेट लिए। भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 174 रन था लेकिन दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी से वह मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहा। दीप्ति और वस्त्राकर भारत की तरफ से आठवें विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड बनाने से केवल पांच रन दूर हैं।

दीप्ति ने अभी तक 147 गेंद का सामना करके नौ चौके लगाए हैं जबकि पहले दिन 53 रन देकर चार विकेट लेने वाली वस्त्राकर ने 115 गेंद का सामना करके चार चौके जड़े हैं। भारत की पारी का आकर्षण हालांकि युवा रिचा घोष और जेमिमा के बीच चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी रही। यह भारत की तरफ से चौथे विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बल्लेबाजी कर रही घोष ने आक्रमण और संयम का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में 104 गेंद का सामना करके सात चौके लगाए।

घोष को 14 रन के निजी योग पर जीवनदान भी मिला जब एलिस पेरी ने गार्डनर की गेंद पर मिड ऑफ पर उनका आसान कैच छोड़ दिया था। घोष इसका फायदा उठाकर अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज बनी। जेमिमा और शुभा सतीश ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी। जेमिमा ने स्वीप शॉट लगाने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने अपने अधिकतर रन (63 प्रतिशत) लेग साइड में बटोरे।

जेमिमा की 121 गेंद की पारी में नौ चौके शामिल हैं। लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने वाली जेमिमा अपने पहले टेस्ट शतक की तरफ बढ़ रही थी लेकिन तभी उन्होंने गार्डनर की गेंद पर एनाबेल सदरलैंड को एक्स्ट्रा कवर कर आसान कैच दे दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपना खाता



भी नहीं खोल पाई और केवल दो गेंद खेल कर पवेलियन लौट गई। गार्डनर ने उन्हें पगबाधा आउट किया।

गार्डनर ने इसके तुरंत बाद यास्तिका भाटिया (01) को भी आउट किया। इससे पहले भारत ने सुबह एक विकेट पर 98 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। मंधाना और स्नेह राणा (09) ने अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। गार्डनर ने राणा को बोल्ड करके यह साझेदारी तोड़ी। मंधाना रन आउट होकर पवेलियन लौटी। भारतीय उप कप्तान ने 106 गेंद का सामना किया तथा 12 चौके लगाए।

# साक्षी मलिक के संन्यास के बाद बजरंग पूनिया भी एक्शन में, 'पद्मश्री' लौटाने का ऐलान किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नए अध्यक्ष बने संजय सिंह के विरोध में जहां कल वीरवार को पहलवान साक्षी मलिक कुश्ती से सन्यास ले लिया। वहीं आज भारतीय पहलवान और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने पीएम मोदी के नाम एक पत्र लिखाकर अपनी मांगे न सुनी जाने के कारण पद्मश्री लौटाने की बात भी कही है।

बजरंग ने लिखा, मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरी स्टेटमेंट है। इस साल की शुरुआत से ही भारतीय पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ में बृजभूषण शरण सिंह की चल रही मनमानी और तानाशाही को लेकर विरोध कर रहे थे। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन शोषण करने का भी आरोप है जिसे लेकर महिला पहलवानों ने दिल्ली की सड़कों पर कई दिनों कर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह बीजेपी सांसद हैं और लंबे अरसे से भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे हैं।

वहीं अब उन्हें हाल ही में अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा था और जो नए अध्यक्ष बनाए गए हैं, वह भी बृजभूषण खेमे के ही हैं। जिस पर पहलवानों ने ऐतराज जताया। हाल ही में संपन्न भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों में पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण के गुट के एक प्रमुख व्यक्ति और वर्तमान में यूपी कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने अनीता श्योराण के महज सात वोटों के मुकाबले 40 वोटों से भारी जीत हासिल की। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई), देश में कुश्ती की शासी निकाय, नई दिल्ली में स्थित है।

# दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय सीरीज जीतने वाले दूसरे भारतीय कप्तान हैं राहुल

**बोलैंड पार्क (एजेंसी)।** केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 78 रनों से हराकर 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। इसी के साथ ही राहुल ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे में मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया है। राहुल दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय सीरीज जीतने वाले दूसरे भारतीय कप्तान हैं। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में यहां 5-1 से जीत दर्ज की थी। इस प्रकार अब राहुल भी विराट की बराबरी पर आ गये हैं। राहुल की कप्तान में पिछले साल भी भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका गयी थी पर तब उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब एक साल बाद राहुल ने उसका बदला ले लिया है।



राहुल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गयी भारतीय टीम के सातवें कप्तान हैं। यहां किसी भी प्रारुप में सीरीज जीतना आसान नहीं होता है। दोनों ही टीमों के बीच 21 साल के एकदिवसय इतिहास में यह दूसरा अवसर है जब भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीती है। भारतीय टीम पहली बार मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में यहां गई थी पर उसे हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने मेजबान टीम से एकदिवसीय सीरीज खेली थी पर उसे हर बार ही हार का सामना करना पड़ा था।

# विलियमसन और जैमीसन बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे

## -रचिन रवींद्र और डफी शामिल

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन और गेंदबाज काइल जैमीसन इस महीने के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। विलियमसन और जैमीसन ने फिट नहीं होने के कारण अपना नाम वापस ले लिया है। ऐस में इन दोनों की जगह युवा खिलाड़ी रचिन रवींद्र और जैकब डफी को शामिल किया गया है। वहीं मिशेल सेंटनर इस सीरीज में कप्तानी करेंगे। वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा, इस जोड़ी को वापस लेने का फैसला आगे की चिकित्सा सलाह और आगामी कार्यक्रम पर विचार करने के बाद लिया गया है।



विलियमसन घुटने के पुनर्वास और मजबूती की अवधि से गुजरेंगे। इसके साथ ही टीम ने नए साल में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम को देखते हुए जैमीसन को जोखिम में नहीं डालने का फैसला किया है। इसलिए वह बांग्लादेश के खिलाफ आगामी सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। वहीं कोच गैरी स्टीड ने कहा कि वापसी ताजा चिकित्सा सलाह के आधार पर की गई है। हम चाहते हैं कि विलियमसन और जैमीसन दोनों दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट के पहले पूरी तरह से फिट हो जायें। उन्होंने कहा, मेडिकल स्टाफ और खिलाड़ियों के साथ चर्चा के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि पुनर्वास और कंडीशनिंग की अवधि उन दोनों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है।

स्टीड ने कहा कि रवींद्र और डफी ने बांग्लादेश के लिए टीम मिश्रण में मजबूत योगदान प्रदान किया। न्यूजीलैंड टी20 टीम इस प्रकार है- मिशेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी और टिम साउथी।

# विराट पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौटे

सेंचुरियन। भारतीय क्रिकेट टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गये अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से स्वदेश लौट गये हैं हालांकि उनके 26 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए टीम से जुड़ने की पूरी संभावनाएं हैं। भारतीय टीम को इस दौरे में दक्षिण अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। बीसीसीआई से मिली जानकारी के अनुसार, 'विराट पारिवारिक कारणों से भारत लौट गए हैं लेकिन पहले टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। वहीं युवा बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ भी ऊंगली में फेक्चर के कारण दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गये हैं। रूतुराज को ये चोट दूसरे एकदिवसीय में एक कैच पकड़ने के दौरान लगी थी।



# भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-1 से हराया

वालेंसिया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने दीपिका और संगीता कुमारी के गोल से आयरलैंड को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत की ओर से दीपिका ने खेल शुरु होने के कुछ समय के अंदर ही गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। दीपिका ने चौथे और संगीता कुमारी ने 22 वें मिनट में ये गोल किये। वहीं आयरलैंड की ओर से कप्तान कैथरीन मुलान ने 12 वें मिनट में एकमात्र गोल किया। आयरलैंड ने शुरुआत में ही गोल खाने के बाद भी दबाव में आये बिना मुलान के गोल से मुकाबले में बराबरी हासिल की। वहीं दूसरे क्वार्टर में आयरलैंड को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पायी। वहीं भारतीयटीम को अपना पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसपर संगीता कुमारी ने गोल दागकर टीम को एक बार फिर बढ़त दिला दी जो अंत तक कायम रही। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर दोनो ही उसे गोल में बदल नहीं पायीं।, इसके बाद आयरलैंड ने अंतिम क्वार्टर में बराबरी का प्रयास किया पर वह भारतीय रक्षापंक्त को नहीं भेद पायी।

# संन्यास के बाद रोहित और विराट की जर्सी भी रिटायर करेगा बीसीसीसीआई : गावस्कर



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन दोनो की जर्सी 45 और 18 को रिटायर कर सकता है। गावस्कर ने रोहित और विराट की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों का भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने में अहम योगदान रहा है। ऐसे में भविष्य में इन दोनो की जर्सी नंबर को रिटायर किया जा सकता है। गावस्कर ने दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच तीसरे एकदिवसीय के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट और रोहित के प्रभाव पर ये बात कही। उन्हें भरोसा है कि बीसीसीआई इन दोनो के खेल को अलविदा कहने के बाद उनके जर्सी नंबर पर अपना फैसला लेगा। गावस्कर ने कहा कि मैं नंबर 45 और नंबर 18 जर्सी को नंबर 7 और नंबर 10 जर्सी की तरह रिटायर होते हुए देख सकता हूं। बीसीसीआई ने हाल ही में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की नंबर 7 जर्सी को रिटायर कर दिया था। बीसीसीआई ने युवा खिलाड़ियों को सूचित किया कि अब नंबर 7 की जर्सी उपलब्ध नहीं होगी। इससे पहले बीसीसीआई ने सचिन तेंदुलकर की 10 नंबर की जर्सी को भी उनके सम्मान में रिटायर कर दिया था।

# केकेआर नहीं खरीद पायी मध्यक्रम के लिए स्टार बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 24 के लिए हुई नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपए में खरीदकर अपनी गेंदबाजी तो मजबूत कर ली है पर उसे ये फैसला भारी भी पड़ सकता है। इसका कारण ये है कि स्टार्क पर मोटी रकम लगाने से फ्रैंचाईजी के पास पैसे नहीं बचे और वह किसी बेहतर बल्लेबाज को नहीं खरीद पायी है। इससे उसका बल्लेबाज संतुलन खराब होता दिख रहा है। उसे मध्य क्रम में एक ऐसे बल्लेबाज की जरुरत थी, जो श्रेयस अय्यर और रिंकू सिंह का भार कम कर सके पर अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। नीलामी के बाद ये नजर आ रहा है कि केकेआर इस कमी को दूर नहीं कर पाया है और इसका नुकसान उसे बल्लेबाजी में उठाना पड़ेगा। वह केवल एक बल्लेबाज मनीष पांडे को खरीद पायी।

मनीष एक अच्छे बल्लेबाज हैं पर आजकल उनका बल्ला नहीं चल रहा। मनीष टीम की पहली पसंद नहीं थे पर पैसे की मजबूरी के कारण उन्हें खरीदना पड़ा। ऐसे में श्रेयस अय्यर, नीतीश राणा और रिंकू सिंह को साथ ही लिए मनीष के अलावा कोई अन्य मैच विजेता खिलाड़ी नहीं मिला है। केकेआर ने इस बार नीलामी में स्टार्क सहित 10 खिलाड़ी खरीदे। इनमें 4 भारतीय और 6 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। विदेशी खिलाड़ियों में मिचेल स्टार्क के अलावा मुजीब उर रहमान, शेन रदरफोर्ड और गट एटकिंसन के अलावा पांच भारतीय क्रिकेटर मनीष पांडे, केएस भरत, चेतन सकारिया, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह और साकिब हसन को भी उसने खरीदा है।

नीलामी से पहले साफ था कि केकेआर को ऐसे तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों की सख्त जरूरत है, जो अपने बल पर मैच जिता सकें। मिचेल स्टार्क, गस एटकिंसन और चेतन सकारिया को खरीदकर केकेआर ने तेज गेंदबाजों की कमी काफी हद तक कम कर ली है पर बल्लेबाजी में टीम की कमी सामने आ रही है। अंतिम ग्यारह में अधिक से अधिक 4 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। केकेआर की अंतिम में पहली पसंद 4 विदेशी खिलाड़ी मिचेल स्टार्क, सुनील नरेन, ऑलराउंडर आंद्र रसेल और जेसन रॉय होंगे। ऐसे में केकेआर की बल्लेबाज के मध्यक्रम में केवल एक ही खिलाड़ी मनीष जुड़े हैं। हाल में जिस प्रकार से मनीष का फार्म रहा है उससे नहीं लगता है वह टीम की अधिक सहायता कर पायेंगे।

# सनराइजर्स हैदराबाद को है विदेशी खिलाड़ियों पर अधिक भरोसा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद को लगता है विदेशी खिलाड़ियों पर ज्यादा ही भरोसा है। इसी कारण आईपीएल के 2024 सत्र के लिए उसने कई विदेशी खिलाड़ियों को खरीदा है। फ्रैंचाइजी ने नीलामी में कुछ बड़े नमों पर दाव लगाया और पैट कमिंट, ट्रैविस हेड, एडेन मार्कराम और वानिंदु हसरंगा जैसे मैच विजेता खिलाड़ियों को खरीदकर संकेत दिया है कि वह खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगाना चाहती है। हैदराबाद को एक बार खिताब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिलाया था पर अब वह टीम के साथ नहीं हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन की कप्तानी में भी हैदराबाद का प्रदर्शन आईपीएल में अच्छा रहा है। माना जा रहा है कि इसी कारण टीम को विदेशी खिलाड़ियों पर अधिक भरोसा है।

कमिंस के चयन से स्पष्ट है कि टीम उन्हें कप्तान की जिम्मेदारी देगी। कमिंस अपने कप्तानी कौशल के कारण जाने जाते हैं। इसी कारण उनके लिए आरसीबी ने भी बड़ी बोली लगाती नजर आई थी। कमिंस के आने से हैदराबाद की गेंदबाजी भी बेहतर होगी। इस काम में उन्हें मार्को जानसन से भी सहायता मिलेगी।

वहीं हेड को सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी मिलना तय है। हेड ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल और क्रिकेट विश्व कप फाइनल में शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कभी भी मैच बदलने में सक्षम हैं। जहां तक मार्कराम की बात है उन्हें नंबर के लिए पहली पसंद माना जा रहा है। मार्कराम के रहने से टीम का मध्यक्रम मजबूत होगा। इसके अलावा हेनरिक क्लासेन भी मध्य क्रम में रहेंगे। वह बीच के ओवरों में बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं। क्लासेन का भारतीय पिचों पर रिकॉर्ड अच्छा रहा है। ऐसे में उनके रहने से टीम का मध्यक्रम मजबूत होगा।

इसके अलसवा ऑलराऊंडर ग्लेन फिलिप्स के आने से टीम को एक बेहतर फील्डर भी मिलेगा। इसके अलावा टीम को तेज गेंदबाज मार्को जानसन के आने से लाभ होगा। वह पिछले आईपीएल में शुरूआती मैचों में ही विकेट लेने में सफल रहे थे।

# गुकेश नें टाईब्रेक में जीता चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंज, अर्जुन बने उपविजेता



चेन्नई। गुरुवार को यहाँ भारत के शतरंज इतिहास के अब तक के सबसे बड़े क्लासिकल सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट और फीडे सर्किट के अंतिम क्लासिकल पड़ाव चेन्नई ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट का खिताब भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें अपने नाम कर लिया। गुकेश नें अंतिम राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 4.5 अंक बनाकर खिताब हासिल किया, हालांकि अंतिम राउंड में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें भी शानदार खेल दिखाते हुए हंगरी के सनन सुज्गिरोव को पराजित करते हुए 4.5 अंक बनाए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर गुकेश नें खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं हरिकृष्णा प्रतियोगिता में 4 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे। अन्य खिलाड़ियों में उक्रेन के पावेल एलजनोव चौंथे, यूएसए के लेवान अरोनियन पांचवें, ईरान के परहम मघसूदलू छठे, हंगरी के सनन सातवे और सर्बिया के अलेक्ज़ेंडर प्रेडके अंतिम आठवे स्थान पर रहे। इस जीत के बाद गुकेश फीडे सर्किट तालिका में 87.3 अंको के साथ नीदरलैंड के अनीश गिरि (84.3) को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर से शीर्ष पर पहुँच गए है और अब अगले साल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करने की उनकी संभावना बढ गई है। अर्जुन एरिगासी 81.2 अंको के साथ अभी भी इस दौड़ में शामिल है अब अगर फीडे सर्किट के आखिरी पड़ाव विश्व उजबेकिस्तान के समरकंद में होने वाली विश्व रैपिड चैम्पियनशिप में अनीश या अर्जुन रैपिड या ब्लिट्ज में विजेता बनते है तो वह गुकेश को पीछे छोड़ सकते है।

# डब्ल्यूएफआई चुनावों के बाद राहत, रूकी हुई राष्ट्रीय प्रतियोगितायें शुरू होंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुश्ती जगत ने अब राहत की सांस ली है कि राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगितायें आखिरकार नये महासंघ के गठन के बाद शुरू हो जायेंगी और यह मायने नहीं रखता कि बृज भूषण शरण सिंह फैसले लेना जारी रखेंगे।

विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित देश के शीर्ष पहलवान चाहते थे कि कोई महिला अध्यक्ष भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पद पर काबिज हो लेकिन बृजभूषण के विश्वस्त संजय सिंह गुरुवार को हुए चुनाव में विजेता रहे। बृजभूषण को अलग रहने के लिए कहा गया था और महासंघ के रोजमर्रा के काम संभालने के लिए एक तदर्थ समिति गठित की गयी थी जिससे 2023 में राष्ट्रीय शिविर और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित नहीं हो पायी।

इससे कई पहलवान प्रभावित हुए क्योंकि नौकरी के आवेदन के लिये राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीते गये पदक और भाग लेने का प्रमाण पत्र जरूरी होता है। सैकड़ो पहलवानों पर इसका असर पड़ा क्योंकि इनमें से कईयों ने जूनियर वर्ग में पिछले साल पदक जीते थे। रोहतक में मशहूर छोटू राम स्टेडियम के एक कोच जगदीश ढांडा ने कहा, ''कौन जीता है, यह कैसे मायने रखता है? चुनाव उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद किये गये थे। कोई जबरदस्ती नहीं हुई। सरकार भी इस मामले को देख रही थी।''

उन्होंने कहा, ''पिछले 11 महीनों में कुश्ती खेल लगभग रूक सा ही गया था। अच्छा है कि नयी संस्था के गठन के तुरंत बाद ही गतिविधियां शुरू हो गयी हैं। अब राष्ट्रीय शिविर कराये जायेंगे और प्रतियोगितायें आयोजित होंगी। आप पिछले 11 महीने के नुकसान का अंदाजा नहीं लगा पाओगे।'' यह पूछने पर कि बृजभूषण के नये प्रमुख के जरिये महासंघ पर नियंत्रण बनाये रखने से उनके स्टेडियम में पहलवानों की कैसी प्रतिक्रिया थी तो ढांडा ने कहा, ''पहलवान तटस्थ हैं।''

ढांडा ने कहा, ''वास्तव में कोई भी इसकी चर्चा नहीं कर रहा। यह साफ था कि बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट बस खुद के लिये काम कर रहे थे। वे खुद को ट्रायल से बचाना चाहते थे। शुरू में किसी को समझ नहीं आया लेकिन बाद में जब उन्होंने एशियाई खेलों के ट्रायल्स में हिस्सा नहीं लिया और पंचायत को कही गयी अपनी बात का सम्मान नहीं किया तो लोगों ने उन पर भरोसा करना बंद कर दिया।''

बजरंग और विनेश को तदर्थ पैनल ने एशियाड ट्रायल्स से छूट दी थी और उनके संबंधित वर्गों में पहलवानों ने उन्हें अदालत में भी खींचा। बजरंग हांगझोउ एशियाड से खाली हाथ लौटे और विनेश को चोट लग गयी जिससे वह इनमें हिस्सा नहीं ले सकीं। दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के कोचों की भी यही प्रतिक्रिया थी। एक कोच ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, ''डब्ल्यूएफआई को चलाने के लिए एक मजबूत नेतृत्व चाहिए। आपने देखा कि तदर्थ पैनल को फैसले लेने में कितनी परेशानी हुई। वे बार बार फैसले बदलते रहे, इसलिये अच्छा है कि वही पैनल वापस आ गया। आपको अनुभव चाहिए होता है और उन्होंने पिछले 10-12 साल में काफी अच्छा काम किया है।''

उन्होंने कहा, ''शुक्र है कि अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता करायी जायेगी। सभी पहलवानों को प्रतियोगिता चाहिए। हम किसी के पक्ष से नहीं है। हम बस अपने खेल की बेहतरी चाहते हैं।'' कोच ने यह भी कहा कि विरोध करने वाले पहलवानों को बातचीत से मुद्दे का हल निकालने की कोशिश करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, ''मतभेद हो ही सकते हैं, जिन्हें बातचीत करके सुलझाया जा सकता है। सड़क पर बैठना अच्छा विकल्प नहीं है। इससे खेल भी बदनाम हुआ।'' कोच ने कहा, ''माता पिता भी चिंतित थे कि उनके बच्चों का पूरा साल खराब हो गया। यह खेल काफी निर्दयी है जिसमें एक साल बहुत लंबा होता है।''

आमतौर पर मई के अंत तक सभी आयु वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगितायें खत्म हो जाती हैं। इन चैम्पियनशिप में कम से कम 120 पदक दाव पर होते हैं। इस साल केवल अंडर-23 चैम्पियनशिप ही आयोजित हुई। हरियाणा की एक महिला पहलवान ने कहा कि महासंघ के अधिकारियों से संपर्क करने में कुछ झिझक



होगी। इस पहलवान ने कहा, ''हम नहीं जानते कि सच क्या है। यौन उत्पीड़न हुआ या नहीं, हम नहीं जानते। लेकिन विश्वास रखिये कि कुछ झिझक तो होगी ही। कम से कम शुरू में, अगर पहलवानों को महासंघ से कुछ पूछने की जरूरत होगी तो हम नहीं जानते कि हमें महासंघ के अधिकारियों का विरोध करने वालों के तौर पर देखा जायेगा।'' नवनिर्वाचित इकाई ने तदर्थ समिति के सभी फैसलों को रद्द कर दिया है। अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता की घोषणा कर दी गयी है जो दिसंबर के अंतिम हफ्ते में गोंडा में होगी। आम सालाना बैठक 11 या 12 जनवरी को दिल्ली में होगी।

# स्टोक्स-आर्चर फिट हुए तो टी20 विश्व कप खेलेंगे : कोच

तारोबा। ऑललराउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफा आर्चर का 2024 टी20 विश्व कप में खेलना तय नजर आता है। टी20 प्रारुप के लिए इंग्लैंड की टीम के कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि स्टोक्स और आर्चर मैच विजेता खिलाड़ी हैं और इनके रहने से अंतर पैदा होगा। इसलिए फिट होने पर इन दोनो को ही टीम में जगह मिलेगी। स्टोक्स के घुटने का नवंबर में ऑपरेशन हुआ था और उम्मीद जतायी जा रही है कि वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप तक फिट हो जाएंगे। वहीं आर्चर कोहनी की चोट के कारण मार्च से ही खेल से दूर हैं। मोट ने इन दोनो की उपलब्धता को लेकर कहा, ' स्टोक्स प्रत्येक विभाग में मैच जिताने की काबिलियत मुहैया कराने के अलावा हमें शीर्ष छह में एक तेज गेंदबाज रखने का विकल्प देते हैं जिससे आपको टीम का संतुलन बनाने के लिए कई विकल्प मिल जाते हैं, इससे चयन भी आसान बन जाता है। इसलिये उन्हें शामिल करना जरुरी है। उन्होंने कहा, 'जहां तक आर्चर की बात है तो वह अपनी तेज रफ्तार से पारी में कोई भी ओवर डाल सकता है। वह सुपर ओवर डाल सकता है, इसके अलावा जरूरत के अनुसार अंतिम ओवर भी फेंक सकता है। गौरतब है कि आर्चर लगातार चोटों के कारण साल 2021 के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। उन्होंने 2023 में सफेद गेंद के महज सात मैच खेले हैं। उन्हें अगले साल जनवरी-मार्च में भारत का दौरा करने वाली टेस्ट टीम में भी जगह नहीं मिली है। टी20 विश्व कप अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेला जायेगा। मोट के अनुसार जोस बटलर और फिल साल्ट की सलामी जोडी के टी20 विश्व कप केलिए टीम में बने रहने की उम्मीद है।





# मर्दानी 3 में काम करेंगी रानी मुखर्जी!

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती है। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी वर्ष 2014 में प्रदर्शित हुयी। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गयी। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है।

रानी मुखर्जी ने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे। तभी हम मर्दानी 3 बना सकते हैं। इसे सिर्फ इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि, यह रोमांचक लगता है।

रानी मुखर्जी ने बताया कि मर्दानी फेंचाइज की फिल्म केवल दर्शकों के प्यार की वजह से आगे बढ़ रही है, क्योंकि महिला प्रधान फेंचाइज फिल्म का चलना बहुत कठिन होता है। इसे आगे बढ़ाने के लिए दर्शकों का प्यार चाहिए। जहां तक मर्दानी 3 की बात है, तो मैं खुद वापस आना चाहती हूं। हर फिल्म को एक अच्छी कहानी की तलाश होती है। मर्दानी 3 फिल्म भी ऐसी है, जिसे बनाया जाना चाहिए। लेकिन बिना अच्छी स्क्रिप्ट के इसका तीसरा पार्ट बनाने का कोई मतलब नहीं है। ऐसे में हम अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं। जैसी ही हमें अच्छी स्क्रिप्ट मिलेगी, हम मर्दानी 3 पर तुरंत काम शुरू कर देंगे।फेंचाइज फिल्म हो या फिर दूसरी कोई नई फिल्म, हर फिल्म में आपका नाम जुड़ा होता है, आप उसमें होते हैं, तो आपसे दर्शकों की एक उम्मीद जुड़ जाती है। उन उम्मीदों पर आपको खरा उतरना होता है। कलाकार की जिम्मेदारी हर फिल्म की ओर बनती है।



# प्रभास स्टारर फिल्म 'सालार' का होगा राउण्ड द क्लाक प्रदर्शन

शाहरुख खान की 'डंकी' को भारी टक्कर देने के लिए 22 दिसंबर को थिएटर में रिलीज होने वाली प्रभास स्टारर फिल्म 'सालार' को लेकर फैंस उत्सुक हैं। ये फिल्म हिंदी समेत तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू भाषा में रिलीज होने वाली है। फिल्म ने एडवांस बुकिंग से ही 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर लिया है। तेलंगाना में फिल्म का अलग क्रेज देखने को मिल रहा है, जिसके बाद वहां की सरकार ने 'सालार' के देर रात और तड़के सुबह के शो रखने की इजाजत दे दी है।

तेलंगाना में प्रभास की 'सालार' के शो सुबह 4 बजे शुरू होंगे और आखिरी शो देर रात 1 बजे का होगा। इसके साथ ही राज्य सरकार ने फिल्ममेकर्स को इसकी टिकट फीस बढ़ाने को भी कहा है।

सूत्रों के मुताबिक तेलंगाना सरकार ने एक बयान जारी किया है। जिसमें सरकार की ओर से कहा गया है, सरकार ने मामले की सावधानीपूर्वक जांच के बाद, तेलंगाना राज्य में 'सालार' फिल्म के लिए 22 ?दिसंबर 2023 को सुबह 4 बजे छठे शो की अनुमति दी और सिंगल स्क्रीन और मल्टीप्लेक्स के लिए दरों में 65 रुपये और 100 रुपये की बढ़ोतरी की अनुमति दी। 'डंकी' और 'सालार' की टक्कर केवल बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, एडवांस बुकिंग के मामले में भी रही। 'डंकी' ने 1,44,830 टिकट बेचकर 4.46 करोड़ कमाये और 'सालार' के 1,54,705 टिकट बिके और फिल्म ने 3.58 का कलेक्शन किया। शाहरुख खान की फिल्म की तुलना में प्रभास स्टारर ने 8,875 ज्यादा टिकट बेचे हैं, लेकिन टिकट सस्ते होने के कारण फिल्म का एडवांस कलेक्शन 'डंकी' से कम है।

# अवॉर्ड्स के मंच पर ऋतिक का दिखेगा जलवा



इंडियन टेलीविज़न अकैडमी अवॉर्ड्स (आईटीए) कलाकारों की अलग-अलग कलाकारी और मनोरंजन उपलब्धियों को सम्मान देते हैं। इंडियन टेलीविज़न अकैडमी अवॉर्ड्स इंडस्ट्री में सबसे प्रमुख और प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक हैं। यहां इस साल टेलीविजन, ओटीटी और फिल्म प्लेटफार्मों पर निर्मित बेस्ट काम को सम्मानित किया जाएगा। राठौड़, सायली सालुंखे, विशाल आदित्य सिंह, शालीन भनोट, भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा, विजयेंद्र कुमेरिया, हिमांशी पाराशर, सायली सालुंखे, नवनीत मलिक, खुशी दुबे के साथ कई बॉलीवुड स्टार्स जिनमें ऋतिक रोशन, रानी मुखर्जी, भूमि पेडनेकर, विजय वर्मा, शोभिता धूलिपाला और कई अन्य हस्तियां स्पॉट हुई। 23वां भारतीय टेलीविजन अकादमी पुरस्कार स्टार प्लस पर प्रसारित होने के लिए तैयार है, इसकी भव्यता देखने के लिए तैयार हो जाइए। बता दें कि तेइसवें इंडियन टेलीविज़न अकैडमी अवॉर्ड्स का रेड कार्पेट 10 दिसंबर, 2023 को आयोजित किया गया था। इसके रेड कार्पेट पर मनोरंजन जगत के सितारों की महफिल सजी थी।

# श्रीमद रामायण में 'हनुमान' की भूमिका निभाकर गौरान्वित हैं निर्भय वाधवा

जानेमाने अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान'की भूमिका निभाकर गौरान्वित हैं।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए लेकर 'श्रीमद रामायण' लेकर आ रहा है, जिसका प्रीमियर 01 जनवरी, 2024 को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 09 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। सीरियल' संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं।

निर्भय वाधवा ने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे महाबली हनुमान की भूमिका फिर निभाने का मौका मिला है। भगवान हनुमान के साथ मेरा दिव्य संबंध है, और मैं इस जीवन से भी बड़ी भूमिका को फिर से निभाने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। महाबली हनुमान, भगवान राम के सबसे महान भक्त हैं और यह भक्ति उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। मैं सोनी टीवी और स्वास्तिक प्रोडक्शन का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे 'श्रीमद रामायण' में महाबली हनुमान का किरदार निभाने का अवसर दिया। मैं विशेष तौर पर इसके लिये स्वस्तिक प्रोडक्शंस के संस्थापक और श्रीमद रामायण के निर्माता सिद्धार्थ कुमार तिवारी को आभार प्रकट करना चाहता हूं जो दर्शकों के लिये इतना बड़ा शो लेकर आये।श्रीमद रामायण मेरे करियर का सबसे बड़ा शो होगा।हनुमान जी की भूमिका निभाकर मैं गौरान्वित हूं।

निर्भय वाधवा ने कहा, जब आप हनुमान जी किरदार निभाते है, उनका गेटअप धारण करते हैं तो आपकी सारी मुश्किलें दूर हो जाती है। आप पॉजिटिव हो जाते हैं। कहते हैं कि जय श्री राम बोलने से सारी तकलीफ दूर हो जाती है। यह सच है, मैंने अपने लाइफ मे ये सब चीजें महसूस की है। श्रीमद रामायण में काफी डिटेल के साथ काम किया गया है।श्रीमद रामायाण युवाओं को बेहद पसंद आयेगी। श्रीमद रामायाण देखने के बाद लोगो में बड़ो का आदर करने की भावना अंदर आयेगी। यह शो सिखाएगा कि बड़ों का सम्मान कैसे करें।श्रीमद रामायण में हनुमान जी के किरदार में हर बारीक से बारीक पहलुओं का ध्यान रखा गया है। इस किरदार को फिर से निभाना मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा।





# हैली बीबर का जबर्दस्त है बोल्ड लुक



एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो इस समय चर्चा में हैं। दरअसल, ये तस्वीरें उस समय क्लिक की गईं जब हैली वेस्ट हॉलीवुड में बोट्टेगा वेनेटा में क्रिसमस की शापिंग के लिए निकलीं थीं। इन तस्वीरों में हैली का बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है। लुक की बात करें तो हैली लाइट ब्राउन स्वैटर और ब्लैक मिनी स्कर्ट में हॉट लग रही हैं। मिनी स्कर्ट में हैली अपनी टोन्ड लेग्स फ्लान्ट कर रही हैं। हैली ने ब्लैक कैप, शेड्स से अपने लुक को पूरा किया। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो हैली बीबर को आखिरी बार टीवी सीरीज डेव में देखा गया था, जिसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया था। बता दें कि हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के चलते चर्चा में रहते हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

# मुन्नाभाई एमबीबीएस के 20 साल पूरे

प्रतिष्ठित फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस के 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस पर अभिनेता अरशद वारसी जश्न मना रहे हैं। अरशद ने हाल की एक घटना शेयर की, जब उन्होंने और संजय दत्त ने एक प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग की, जहां वह मुन्ना भाई और सर्किट के कॉस्टयूम पहनकर गए। अरशद का सर्किट किरदार पिछले कुछ वर्षों में लोकप्रिय बन गया है और यह दोस्ती का सबसे बड़ा उदाहरण स्थापित करता है। मुन्ना के साथ उनकी जबरदस्त केमिस्ट्री है। लगे रहो मुन्ना भाई में जब मुन्ना और सर्किट के बीच गलतफहमी हो जाती है तो एक खालीपन महसूस होता है और वह दृश्य जहां मुन्ना सर्किट से सॉरी कहता है, हर किसी की आंखों में आंसू आ जाते हैं।पुरानी यादों के रास्ते पर चलते हुए अरशद ने कहा, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि दो दशक हो गए हैं। सर्किट मेरे लिए एक बहुत ही खास किरदार है, यह मेरे दिल के बहुत करीब है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर मुन्नाभाई एमबीबीएस की एक तस्वीर भी शेयर की और कैप्शन में लिखा, 20 साल, वाह, ऐसा लगता है जैसे कल की ही बात हो, मुन्ना और सर्किट को इतना प्यार करने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं।




# बिसलरी की ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर बनी दीपिका पादुकोण

मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नये कैम्पेन बिसलेरी #डिंकअपमें दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एम्?बेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नये अंदाज़ में थिरकती नजर आयेंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी'पीती दिखाई देंगी।

दीपिका पादुकोण को ब्रांड एम्बेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए, बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि.की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा,हमारा नया कैम्पेन बिसलेरी #ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर बनाकर उत्साहित हैं। उनका काम और वैल्यूज़ हमारी ब्राण्ड फिलोसॉफी से मेल खाते हैं। उनके साथ हम अपने ब्राण्ड की नये जमाने में तरक्की दिखा सकते हैं। हमें विश्वास है कि यह कैम्पेन सभी को पसंद आएगा और लोग बिसलरी के साथ अपनी प्यास बुझाने का मजा लेंगे।

दीपिका पादुकोण ने बिसलरी की ग्लोबल एम्बेसेडर बनने पर अपना उत्साह दिखाते हुए कहा,' मैं बिसलरी जैसे मशहूर ब्रांड के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं। बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. के मार्केटिंग हेड तुषार मल?होत्रा ने कहा,''बिसलेरी# ड्रिंकअपकैम्?पेन हमारे ब्रांड को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ब्राण्ड के प्रति लोगों का प्यार बढ़ेगा और हमारे उपभोक्ता रोमांचक चर्चाओं में शामिल होंगे।

बिसलेरी #ड्रिंकअपकैम्पेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है।

# चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकेगी 'यूपी जोड़ा यात्रा' : पुरूषोत्तम नागर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृव में जारी यू पी जोड़ो यात्रा में लगातार तीसरे दिन मुज्जफरनगर की पुरकाजी विधान सभा मैं प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा में हिस्सा लिया ।

प्रदेश सचिव और एआईसीसी सदस्य पुरुषोत्तम नागर ने कहा की किसानों, नवजवानों, पिछड़ों,अल्पसंख्यक, बेरोजगारों और महिलाओं को जोड़ने का कार्य इस यात्रा के माध्यम से हो रहा है। आज पश्चिम मैं किसानों की दशा किसी से छुपी नहीं है ।आगामी 2024 चुनाव मै जनता कांग्रेस से जुड़ने का कार्य करेगी और भाजपा को उखाड़ फेंकने का कार्य होगा।

यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष ,प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, प्रदेश प्रवक्ता अनिल यादव, पवन शर्म , गौरव भाटी, युगांश राणा, आमिर रजा, प्रताप, उदयवीर यादव,शबी खान, अजय धामा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 26 को प्राधिकरण पर किसानों की महापंचायत

## किसानों के समर्थन में पहलवानों ने किया अर्द्धनग्न प्रदर्शन



नोएडा। अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण में 12 दिनों से आंदोलन कर रहे भारतीय किसान परिषद के बैनर तले किसानों ने अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। वहीं 26 दिसंबर को प्राधिकरण में महापंचायत करने का निर्णय लिया गया।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि शुक्रवार को बड़ी संख्या में युवा किसान और पहलवान नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके अलावा किसानों का एनटीपीसी पर भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। इस बार किसान अपनी मांगों को पूरा कराए बिना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे।

अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि इन प्रदर्शनों के निरंतर जारी रहने के बाद भी अधिकारी उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं हैं। किसानों से वह कोई वार्ता नहीं कर रहे हैं। इससे नाराज किसान इस बार आरपार की लड़ाई के मूड में है। किसानों की महापंचायत का आयोजन 26 दिसंबर को नोएडा प्राधिकरण पर किया जाएगा। यहां पर जिले के सभी गांवों के किसान जुटेंगे। महापंचायत में ही आंदोलन को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसमें सर्वसम्मिति से फैसला लिया जाएगा कि आंदोलन में आगे क्या करना है। किसान नेता अतुल यादव ने बताया कि किसानों को 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। जब तक हमारा हक दिया नहीं जाएगा, तब तक लड़ाई जारी रहेगी।

# सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए की प्राधिकरण अधिकारियों के साथ हुई बैठक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सामुदायिक केंद्र सेक्टर-34 में प्राधिकरण उप महाप्रबंधक विजय कुमार रावल के साथ सेक्टर-34 के विकास के संबंध में बैठक आयोजित हुई

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारियों को सेक्टर 34 के सिविल जल जन स्वास्थ्य एवं विद्युत यांत्रिकी संबंधी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने सेक्टर-34 की वर्तमान में मुख्य समस्याओं में वेंडर जोन को निरस्त करने या संख्या सीमित करने शुक्र बाजार को सर्विस रोड पर शिफ्ट करने सिंचाई नाले को कवर करने, गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने पर पानी सप्लाई सुचारू रूप से किए जाने एवं अपार्टमेंट के आंतरिक मार्गो की रिसर्फेसिंग आदि मुख्य समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान उप महाप्रबंधक नोएडा विजय कुमार रावल आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन महासचिव धर्मेंद्र शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल प्रदीप कुमार प्रबंधक अरविंद कुमार गौरव शुक्ला शुभम मुदगल सुनील कश्यप देवेंद्र कुमार सुरेंद्र महाजन कुलदीप मुंशी दीपाली पसारी एम सी भारद्वाज जगदीश जोशी अनुभा उपाध्याय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


**शराब छुड़ाए बिना बताए**

*अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें*

**नशा मुक्ति केन्द्र**

**नोएडा**

नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास

रोजाना 1 से 4 बजे तक ( मंगलवार बन्द )

**फरीदाबाद**

सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट ( बीकानेर मिष्ठान भण्डार )

( सिर्फ हर मंगलवार ) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक

मो०-9818250344


# बेलगाम जेई व सुपरवाइजर की शिकायत डीजीएम से

## विजय रावल के डीजीएम पद पर प्रोन्नत होने पर दी बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त केन्द्रीय मंत्री) डा. लोकेश प्रजापति के नोएडा कैम्प कार्यालय प्रभारी जय प्रकाश प्रजापति ने नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक उपमहाप्रबंधक विजय रावल को पद पर शासन द्वारा प्रोन्नति किये जाने पर बधाई दी।

सेक्टर-6 स्थित कार्यालय पर जाकर जयप्रकाश प्रजापति ने बधाई देने के साथ-साथ वर्क सर्किल-1 में कार्यरत कुछ जेई व सुपरवाइजरों की भी शिकायत की जो अवैध अतिक्रमण को खुलेआम संरक्षण दे रहे हैं तथा अपने शीर्ष अफसरों को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं। डीजीएम (सिविल) विजय रावल ने आश्वासन दिया ि कवे मामले की जांच कराएंगे तथा सीईओ के संज्ञान में मामला प्रेषित करेंगे।

बता दें कि विजय रावल को हाल ही में शासन ने उपमहाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नत किया है। वे अभी वरिष्ठ प्रबंधक वर्क सर्किल-2, जनस्वास्थ्य विभाग खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक के साथ-साथ उपमहाप्रबंधक (सिविल) की भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनकी पारदर्शी तथा निष्पक्ष कार्यशैली किसी से छिपी नहीं है।




**अपना घर आश्रम में प्रभुजी सेवा एवं प्रसादी कार्यक्रम में शिरकत करते लायंस क्लब दिल्ली एवं नोएडा के पदाधिकारी।** फोटो : चेतना मंच


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, Pl-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# ओबीसी के नौजवानों को रोजगार देने का अभियान चलाएगी भाजपा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा विधानसभा क्षेत्र में करीब एक हजार ओबीसी के नौजवानों को रोजगार मुहैया कराएगी। यह अभियान शीघ्र ही शुरू होगा।

लखनऊ में चली भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कमेटी की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। जिसमें कहा गया कि ओबीसी समाज को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने के लिए प्रदेश के हर विधानसभा चुनाव में ओबीसी से जुड़े नौजवानों को रोजगार देने का अभियान चलाया जाए। इसके तहत नोएडा, दादरी तथा जेवर विधानसभा क्षेत्रों में यह अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए ओबीसी मोर्चा के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा गया कि वे बेरोजगार ओबीसी समाज के नौजवानों का डाटा एकत्रित करे।

मालूम हो कि भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर गंभीर है। इसी कड़ी में ओबीसी समाज के वोट बैंक पर पूरी तरह से कब्जा करने के लिए इस समाज पर पार्टी का ज्यादा फोकस है ताकि उप्र में 80 लोकसभा सीटों को पार्टी के खाते में डाला जा सके।

# वीरेन्द्र गुड्डू का कांग्रेस से कोई संबंध नहीं : दिनेश शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वीरेन्द्र गुडडू समेत सातों आरोपियों का कांग्रेस पार्टी से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। उन्हें कांग्रेस पार्टी से जोड़े जाने का कांग्रेस पार्टी पुरजोर तरीके से खंडन करती है। यह बात कही कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने। वे सेक्टर-58 बिसनपुरा गांव में कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री शर्मा ने कहा कि मीडिया में खबर प्रकाशित हुई कि जमीन के बिक्री घोटाले में कांग्रेस पार्टी के वीरेन्द्र गुडडू समेत 7 आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह खबर भ्रामक है। वीरेन्द्र गुडडू को कांग्रेस पार्टी ने 19 फरवरी 2022 में अनुशासनहीनता के लिए 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इस लिए उक्त लोगों का पार्टी से अब कोई नाता नहीं है।



पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा जिला प्रवक्ता जितेंद्र चौधरी जिला उपाध्यक्ष राम भरोसे शर्मा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा रिजवान चौधरी पीसीसी सदस्य जितेंद्र चौधरी जितेंद्र शर्मा संजय भूमिहार जिला सचिव मौजूद रहे।

# देश में सार्वभौमिक डिजिटल साक्षरता जरूरी : सिमली

## एमिटी में 'प्रौद्योगिकी एंव नवाचार-विकसित भारत-2047 की परिवर्तनकारी यात्रा के लिए उत्प्रेरक' पर मंथन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रौद्योगिकी एंव नवाचार-विकसित भारत @ 2047 की परिवर्तनकारी यात्रा के लिए उत्प्रेरक'' पर अमृतकाल विमर्श का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा सत्र में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रधान सलाहकार और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी गोलोक कुमार सिमली, आईबीएम कंसल्टिंग के स्ट्रैटजिक पार्टनर लीडर की पार्टनर सुश्री लता सिंह और एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा मनोज पांडेय द्वारा किया गया।

परिचर्चा सत्र में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रधान सलाहकार और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी गोलोक कुमार सिमली ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक लोकतंत्र है जहां इसके नागरिक अपने विचारों को साझा करने और व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र है। उन्होनें कहा कि सार्वभौमिक डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता है ताकि देश का प्रत्येक नागरिक डिजिटल साक्षर हो।

आईबीएम कंसल्टिंग के स्ट्रैटजिक पार्टनर लीडर की पार्टनर सुश्री लता सिंह ने प्रौद्योगिकी की गतिशील प्रकृति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है जहां तकनीक जीवन के हर पहलू में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रौद्योगिकी लगातार विकसित हो रही है इसलिए तेजी से बदलती नवीनतम तकनीक अपनाने की आवश्यकता है।

एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा मनोज पांडेय ने ''विकसित भारत'' अवधारणा और भारत के स्वर्ण युग के बीच समनताएं दर्शाते हुए हुए कहा कि देश के भविष्य को आकार देने में शैक्षणिक संस्थानों को विशेष भूमिका अदा करनी होगी।



**सेक्टर-22 स्थित स्वीट होम प्ले स्कूल में नन्हें-मुन्नें बच्चों ने मनाया क्रिसमस।**

# बी.एस. फाउंडेशन एवं नवरत्न फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे स्वेटर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नवरत्न फाउंडेशन्स के शीत कवच अभियान के तहत बी.एस. फाउंडेशन ने संग मिलकर सेक्टर-16 के स्लम एरिया में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कॉलोनी में स्थित रीता विद्या मंदिर स्कूल में लगभग 120 बच्चों को गर्म स्वेटर प्रदान किये।

बी.एस.फाउंडेशन की अध्यक्षा और संगीत की प्रसिद्ध गुरु डॉ. बबिता शर्मा ने कहा कि इन बच्चों से मिलकर एक सुखद अनुभूति हुई है और बच्चों को जितना हो सकेगा उनको हम सहयोग करेंगे। यह बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं इसलिए इनकी सेहत से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। डॉ.बबिता ने सभी बच्चों को अपने हाथ से चाकलेट भी प्रदान की जिससे बच्चों की खुशी दुगनी हो गयी।

नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति हमारा यह अभियान जनवरी माह तक चलेगा और उम्मीद है कि लगभग 2000 बच्चे इसका लाभ ले पायेंगे।